


पृष्ठ... 4 पर पढ़ें..

शादी के बंधन में बंधेंगी रकुलप्रीत सिंह

मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का
लोकप्रिय हिंदी दैनिक
उल्हास विकास
वर्ष : 41 ■ अंक : 252 ■ मंगलवार, 2 जनवरी 2024 ■ 3 रुपए ■ पृष्ठ 4
ANDROID APP ON Google play /ulhasvikas संपादक - हीरो अशोक बोधा (BMM, L.L.B.) Mobile.:- 9822045566
epaper.ulhasvikas.com

# उल्हासनगर-कल्याण पुलिस परिमंडल में मोक्का के 49 आरोपी गिरफ्तार

- अपर आयुक्त दत्तात्रय शिंदे ने दी जानकारी
- बीते वर्ष 2023 में कल्याण-उल्हासनगर पुलिस ने 78% केस सुलझाए
- 2022 की तुलना में 2 प्रतिशत अधिक
- 1 करोड़ 41 लाख रुपये का माल किया जब्त

मोहनसिंह धामी

**उल्हासनगर.** कल्याण परिमंडल 3 और उल्हासनगर परिमंडल-4 की हद में, 2023 में अपराध का पता लगाने की दर 78 प्रतिशत थी। पिछले साल 2022 में यही अनुपात 76 फीसदी था. अतिरिक्त पुलिस आयुक्त दत्तात्रय शिंदे ने जानकारी दी है कि इस साल यह संख्या दो फीसदी बढ़ी है. अतिरिक्त पुलिस आयुक्त शिंदे ने शनिवार 30 दिसंबर को साल भर की आपराधिक गतिविधियों की रिपोर्ट पेश की.

उल्हासनगर परिमंडल के नागरिकों को सेंधमारी, चोरी, जबरन चोरी के अपराध में चुराए गए 1 करोड़ 41 लाख 97 हजार 344 रुपये के आभूषण, नकदी, वाहन, मोबाइल फोन वापस कर दिए गए हैं। पुलिस ने कल्याण परिमंडल के नागरिकों को 2 करोड़ 4 लाख 48 हजार 780 रुपये का सामान वापस दिलाने में सफलता हासिल की है.

2023 में संगठित अपराध पर नकेल कसने के लिए मोक्का एक्ट



के तहत 21 अपराधों के तहत 49 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। 2022 में 22 अपराधों में ऐसी कार्रवाई कर 81 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया. इसके माध्यम से संगठित अपराध गिरोहों को ध्वस्त किया गया है।

2023 में वाहन चोरी के 721 मामले दर्ज किये गये. इनमें से 299 अपराधों का पता चला। वर्ष 2022 की तुलना में वाहन चोरी के अपराध में 84 अपराधों की कमी आई है। 2023 में चोरी के 346 मामले दर्ज किए गए। इनमें से 187 अपराध सुलझाये गये। चेन स्नेचिंग की 75 वारदातें की गईं। इनमें से 60 अपराधों का खुलासा हो चुका है. अपराधों का पता लगाने की दर 80 प्रतिशत है। पुलिस ने इस अपराध में 73 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से 38 लाख 36 हजार 96 रुपये का माल जब्त किया है. पिछले वर्ष की तुलना में चेन स्नैचिंग अपराध में 56 अपराध कम हुए हैं।

महिलाओं से संबंधित बलात्कार, छेड़छाड़, उत्पीड़न, अपहरण के 1 हजार 202 मामले दर्ज किए गए। उनमें से 96 प्रतिशत अपराधों का खुलासा हो चुका है। महिलाओं की शिकायतों को प्राथमिकता देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की गई है. 2023 में शराबबंदी के 575 मामले दर्ज किये गये. पिछले वर्ष की तुलना में 6 अपराधों की वृद्धि हुई है। एक वर्ष में 8 बार 'ऑल आउट ऑपरेशन' का प्रयोग किया गया। 29 अवैध हथियार बरामद किये गये। 184 फरार एवं 232 वांछित अभियुक्तों की जाँच की गयी। अवैध शराब के 183 प्रकरण तथा अवैध जुआ के 47 प्रकरण बनाये गये। नशीली दवाओं के सेवन के 123 मामले किये गये। नाकाबंदी के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 1 हजार 637 वाहन चालकों के खिलाफ अपराध दर्ज किये गये. अतिरिक्त पुलिस आयुक्त शिंदे ने कहा, उनसे 14 लाख 38 हजार 200 रुपये का जुर्माना वसूला गया।

## क्राइम डायरी...

### युवक ने किया सुसाइड

**भिवंडी.** महाडा कॉलोनी निवासी युवक ने आर्थिक तंगी एवं उधारी से तंग आकर घर के पंखे से लटक कर सुसाइड कर लिया. पुलिस आकस्मिक हादसे का मामला दर्ज कर जांच कर रही है.

पत्रकार फिरदौस शेख का लड़का औसाब शेख बिजनेस में नुकसान होने से आर्थिक रूप से परेशान रहता था. दोपहर करीब 1 बजे जब परिजन शादी समारोह में गए थे तो उसी दौरान महाडा कॉलोनी स्थित मकान में नायलॉन की रस्सी गले में कसकर पंखे से लटक गया. करीब 2 घंटे बाद मकान पर पहुंचे पिता फिरदोस शेख से जब दरवाजा नहीं खुला तो हथौड़ी से तोड़कर दरवाजा खोलने पर तौसाब शेख का शरीर पंखे से लटका पाया जाने पर सन्न रह गए. मौके पर पहुंची पुलिस एवं परिचितो ने बाड़ी उतार कर आईजीएम अस्पताल ले गए जहां डॉक्टरों ने मृत्यु घोषित कर दिया.

# 6 नशेड़ियों ने 3 लोगों को मारकर किया घायल





- वर्ष की आखिरी रात हुआ हंगामा

यूसुफ शेख



**अंबरनाथ.** अंबरनाथ में साल की आखिरी रात में पश्चिम स्टेशन परिसर में दत्तात्रय स्वीट्स के पीछे मटका, जुआ अड्डे के पास जुआ अड्डे पर काम करने वालों ने यहां के निवासी बर्फ विक्रेता तीन लोगों को मारकर घायल कर दिया है. घायलों में 18 वर्षीय किसन राजबली गुप्ता के सर पर 6 टांके लगे हैं. अंबरनाथ पुलिस ने करण शंकर, दीपक शंकर, मगया जैसवाल और अन्य तीन लोगों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है. ये भी आरोपी पास में धड़ल्ले से चल रहे जुए के अड्डे पर काम करते हैं और पास के कुएं के पास बैठकर शराब और गांजा भी पीते हैं. शेष दो घायलों के नाम राजबली गुप्ता और दीपक गुप्ता है.

घायल किसन ने बताया कि उनके परिवार में आपसी झगड़ा चल रहा था. उस समय उनके बरफ के धंधे के पास ही बैठकर ये आरोपी नशा कर रहे थे. उन्होंने कहा कि मस्ती आया है तुम लोगों को. गली में झगड़ा कर रहे हो. इस पर से बात बढ़ी और आरोपियों ने उन्हें मारना शुरू कर दिया. एक ने पत्थर उठाकर किसन के सर पर दे मारा. जिसके कारण वह घायल हो गया. बीचबचाव करने आए उसके पिता और भाई भी घायल हुए हैं. विदित हो कि स्टेशन चौक पर गली में रात के समय कुछ शराबी यहां पर बैठकर शराब पीते हैं. इन सब पर कार्रवाई करने की मांग की जा रही है.

## वीनस चौक के पास से होंडा एक्टिवा चोरी

**उल्हासनगर.** वीनस चौक पर जींस पैंट प्रोसेसिंग फैक्टरी के पास खड़ी की गई एक्टिवा कोई चोरी कर ले गया. एक्टिवा की कीमत 20 हजार रुपए बताई गई है. पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार गुल आनंद कामरा (35) की जींस प्रोसेसिंग फैक्टरी, कुर्ला कैम्प रोड, वीनस चौक के पास है. कामरा ने अपना एक्टिवा अपनी फैक्टरी के पास ही खड़ा किया था. 6 सितंबर की रात 11 बजे से 7 सितंबर की सुबह 9 बजे के दरम्यान कोई एक्टिवा चोरी कर ले गया. एक्टिवा का नंबर एमएच 05 बीके 3871 है और कीमत 20 हजार रुपए है. विठ्ठलवाड़ी पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज किया है. पुलिस एक्टिवा चोरी की तलाश कर रही है.

# कल्याण-डोंबिवली में 90 शराबी चालकों के खिलाफ कार्रवाई




**कल्याण.** पिछले दो दिनों में ट्रैफिक पुलिस ने कल्याण और डोंबिवली शहर में शराब पीकर गाड़ी चलाने वाले 90 ड्राइवरों के खिलाफ कार्रवाई की है. नये साल के उत्साह में कई वाहन चालक शराब पीकर गाड़ी चलाते हैं और इसलिए पुलिस ने शहर में विशेष निरीक्षण अभियान चलाकर कार्रवाई की है.

नशे में धुत ड्राइवरों की सबसे ज्यादा संख्या कल्याण पश्चिम में पाई गई। डोंबिवली में 20 और कल्याण कोलसेवाड़ी इलाके में 26 शराबी पाए गए। इन सभी पर मोटर वाहन अधिनियम, भारतीय दंड संहिता के तहत जुर्माना लगाया गया है। एक यातायात अधिकारी ने बताया कि कुछ वाहन चालकों को हिरासत में लेकर अदालत में लाया गया है और दंडात्मक कार्रवाई की गयी है.

डोंबिवली ट्रैफिक डिवीजन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अजय आफले, कोलसेवाड़ी ट्रैफिक डिवीजन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक सचिन सांडभोर और कल्याण ट्रैफिक डिवीजन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक गिरीश बने के नेतृत्व में एक टीम ने यह कार्रवाई की। यह डोंबिवली और कल्याण शहर की मुख्य व्यस्त सड़कों, चौराहों पर गश्त कर की है.

## उल्हासनगर में नववर्ष पर पुलिस की तगड़ी नाकाबंदी

- 21 से अधिक वाहन चालकों पर कार्रवाई

**उल्हासनगर.** 31 दिसंबर 2023 की रात उल्हासनगर पुलिस ने शहर के सभी सीमाओं पर तगड़ी नाकाबंदी रखी हुई थी और कोई अप्रिय घटना न हो इसलिए करीब हर वाहन चालक को पकड़कर उनसे पूछताछ, तलाशी की ताकि वाहन चालक ने शराब पीकर गाड़ी तो नहीं चलाई ऐसे ही करीब 21 से अधिक वाहन चालकों पर पुलिस ने कार्रवाई की। इस कार्रवाई में यातायात पुलिस व ट्रैफिक वार्डन सारी रात नाकाबंदी में तैनात देखे गए। ज्ञात हो कि शहर के करीब 27 स्थानों पर पुलिस ने नाकाबंदी बंदी लगाई हुई थी।

## बिटक्वाइन में निवेश के नाम पर महिला से 1.15 लाख रुपए ठगे

**अंबरनाथ.** व्हाट्सएप पर मैसेज के जरिए बिटक्वाइन में निवेश करने का लालच देकर एक महिला से आरोपी ने 1 लाख 15 हजार 796 रुपए ठग लिए. अंबरनाथ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई है.

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार श्रद्धा परीक्षित देशपांडे (43) नामक महिला मोहन सबर्बिया, अंबरनाथ पश्चिम में रहती हैं. 26 दिसंबर से 29 दिसंबर के दरम्यान श्रद्धा को विजय भाई नामक आरोपी ने मोबाइल नंबर 9462219592 से वाट्सएप पर मैसेज किया और बिटक्वाइन में पैसे निवेश करने पर तिगुना लाभ दिलाने का लालच दिखाया. महिला ने आरोपी द्वारा दिए गए यूपीआई पर कुल 1 लाख 15 हजार 796 रुपए भेज दिए. जो आरोपी विजय भाई ने ठग लिए. अंबरनाथ पुलिस ने आईटी अधिनियम 2000 की धारा 66 (ड) के तहत अपराध दर्ज किया है. पुलिस उप निरीक्षक बी. आर. दराडे मामले की जांच कर रहे हैं.

# अतिरिक्त आयुक्त जमीर लेंगरेकर नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए

**उल्हासनगर.** उल्हासनगर शहर में एमएमआरडीए के माध्यम से बनाई जाने वाली 07 मुख्य सड़कों के बारे में चर्चा करने के लिए प्रशासक एवं आयुक्त अजीज शेख की अध्यक्षता में उनके सभाकक्ष में बैठक आयोजित की गई.

इस बैठक में इस बात पर चर्चा की गई कि एमएमआरडीए के ठेकेदारों, सलाहकारों और महानगर पालिका के जल आपूर्ति विभाग और सार्वजनिक निर्माण विभाग के कार्यकारी अभियंता के समन्वय से उक्त सड़क का काम जल्द से जल्द पूरा किया जा सके। आयुक्त ने बताया कि उक्त सड़क कार्य के लिए अपर आयुक्त जमीर लेंगरेकर को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।



विकास योजना के अनुसार सड़क निर्माण, पाइप लाइनों एवं विद्युत लाइनों के स्थानांतरण, सड़क के चौड़ीकरण के कार्य करते समय नगर रचनाकार विभाग द्वारा शीघ्र चिन्हीकरण किया जाए, सड़क में आने वाले पेड़ों को न काटा जाए, इसका ध्यान रखा जाए। आयुक्त ने निर्देश दिए कि सड़क पर अतिक्रमण हटाया जाए, धूल रोकने के लिए जलापूर्ति विभाग द्वारा पानी का छिड़काव किया जाए तथा सड़क का कार्य शीघ्रता से पूरा करने के लिए सभी संबंधित आपस में समन्वय स्थापित करें। इस बैठक में सहायक संचालक टाउन प्लानिंग ललित खोब्रागड़े, टाउन प्लानर प्रकाश मुले, सिटी इंजीनियर (एस.बी.वी.) संदीप जाधव, कार्यकारी अभियंता (जल आपूर्ति विभाग) परमेश्वर बडगे, कार्यकारी अभियंता (बिजली विभाग) हनुमंत खरात, सहायक आयुक्त गणेश शिंपी एवं दत्तात्रय जाधव, जनसंपर्क अधिकारी छाया डांगले, ईगल इंफ्रास्ट्रक्चर, यश इंजीनियरिंग कंसल्टेंट्स प्राइवेट लिमिटेड, एन.ए. निर्माण, विज़न कंसल्टेंट्स और अन्य ठेकेदार/सलाहकार उपस्थित थे।

## थार ने मारी टक्कर, युवक का पैर फ्रैक्चर

**उल्हासनगर.** धोबीघाट नाका, उल्हासनगर-1 में रिक्शा के पास खड़े एक युवक को एक थार गाड़ी के चालक ने टक्कर मारी और चालक फरार हो गया. इस दुर्घटना में युवक के पैर का घुटना फ्रैक्चर हो गया है.

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार रिक्शा चालक पवन रामसेवक तिवारी (42) 31 दिसंबर की शाम 6.15 बजे के करीब धोबाघाट नाका, उल्हासनगर-1 में अपनी रिक्शा के पास खड़ा था. इस दौरान तेज गति से महिंद्रा कंपनी के काले रंग की थार ने उसे टक्कर मार दी. इस दुर्घटना में रिक्शा चालक का पैर फ्रैक्चर हो गया. वहीं थार चालक मौके से फरार हो गया. काले रंग की थार का नंबर एमएच 05 ईवी 9792 है. फरार चालक की तलाश पुलिस कर रही है. उल्हासनगर पुलिस ने भादंसं की धारा 279, 337, 338 समेत मोटर वाहन कायदा कलम 184, 134 (अ), 134 (ब) के तहत अपराध दर्ज किया है. पुलिस उप निरीक्षक मनिष वाघमारे मामले की जांच कर रहे हैं.

# नव वर्ष पर शिव मंदिर में उमड़ी भक्तो के भीड़



**अंबरनाथ.** नए साल के अवसर पर सोमवार को अंबरनाथ के प्राचीन शिव मंदिर में दर्शन के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी. न केवल अंबरनाथ शहर से बल्कि पूरे ठाणे जिले से भक्त यहां दर्शन के लिए आए और मंदिर क्षेत्र में भीड़ लगी रही। नए साल के स्वागत के लिए मंदिरों में भक्तों की भीड़ उमड़ रही है। इसलिए, चूंकि अंबरनाथ का यह प्राचीन शिव मंदिर पिछले कुछ वर्षों में पूरी दुनिया में फैल गया है, इसलिए अंबरनाथ और ठाणे जिले के सैकड़ों भक्तों ने भोलेनाथ के दर्शन के साथ नए साल की शुरुआत करने के लिए प्राचीन शिव मंदिर में प्रवेश किया।

शिव मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु भोलेनाथ के दर्शन के लिए पहुंचे तो मंदिर परिसर में काफी भीड़ लग गई। सुबह से ही दर्शन के लिए भक्तों की कतार लग गई, भक्तों की कतार कैलास कॉलोनी चौक से आगे तक पहुंच गई। शिवभक्तों ने तेज धूप में खड़े होकर मंदिर परिसर में भोलेनाथ के दर्शन कर नए साल में सुख-समृद्धि लाने के लिए महादेव के जयकारे लगाते हुए नए साल की शुरुआत की। श्रद्धालुओं की भीड़ को नियंत्रित करने और श्रद्धालुओं को अनुशासित तरीके से दर्शन कराने के लिए मंदिर परिसर में पुलिस बल भी तैनात किया गया था.


### रेलवे स्टेशन पर भी शिव भक्तों की भीड़

सैकड़ों शिवभक्त अंबरनाथ में दर्शन के लिए आए तो अंबरनाथ रेलवे स्टेशन पर भी भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। दिलचस्प बात यह है कि महादेव के दर्शन करने आने वाले युवक-युवतियों की संख्या उल्लेखनीय थी।

# ऑनलाइन लॉटरी चलाने वालों पर अपराध दर्ज

- लॉटरीवाले अड्डा बंद करके भागे
- 14 पर मामला दर्ज

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ में ऑनलाइन लॉटरी जुआ चलाने वाले और 9 लॉटरी खेलने वालों पर शिवाजी नगर पुलिस ने दफा 420 व अन्य धाराओं के तहत अपराध दर्ज करके 9 लोगों को गिरफ्तार कर लिया है. इस कार्रवाई से शहर पश्चिम में पुलिस चौकी के समक्ष स्टेशन चौक पर एवं अन्य स्थानों पर ऑनलाइन लॉटरी चलाने





वालों में हड़कम्प मच गया है. ये सभी अपना अड्डा बंद करके भाग गए हैं.

सन 2023 की आखिरी रात में शिवाजी चौक पर बॉम्बे होटल के बाजू में किसी भी सरकारी अनुज्ञप्ति के लोगों को ये बताता हुए कि सरकारी नियमों के अनुसार ऑनलाइन लॉटरी है. ऐसी धोखाधड़ी करके उनको स्किल गेम्स, राजश्री केनो ऑनलाइन टिकट देकर उनसे पैसे लेकर स्वतः के फायदे के लिए आरोपी राहुल त्रिंबक तपासे 9 लोगों को जुआ खिलाकर पैसे ले रहा था. इस गैरकानूनी जुआ खेलने के लिए आरोपी संदीप गायकवाड़ और ललित पटेनल ने आनलाइन जुआ खेलने के साधन उपलब्ध कराकर दिए. आरोती हरड आरोपी ने जुआ चलाकर शासन और जनता के साथ धोखाधड़ी की है. ये उपरोक्त आरोपी अंबरनाथ पूर्व निवासी हैं. इन आनलाइन जुआ अड्डे से 92 हजार रुपए का मुद्देमाल जब्त किया गया है. इन सबके विरुद्ध भादंसं की धारा 420, 34 सहित आईटी अधिनियम 1998 की धारा 4, 7, (3) के अनुसार अपराध दर्ज किया गया है. क्राइम पुलिस निरीक्षक चोपड़े मामले की जांच कर रहे हैं. लॉटरी जुआ खेल रहे अंबरनाथ, उल्हासनगर, विक्रोली निवासी हैं. उनके पास से पुलिस ने रकम भी जब्त की है. विदित हो कि इस आनलाइन लाटरी जुआ पर मानपाड़ा पुलिस, डोंबिवली, ठाणे ने छापामार कर कार्रवाई की है.

# पूज्य चालीहा साहिब मंदिर में निकले 101 बहराणा साहेब

- जय झूलेलाल उद्घोष के साथ हुई नए वर्ष की शुरुआत

**उल्हासनगर।** हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी नए वर्ष की पूर्व संध्या पर उल्हासनगर-5 स्थित पूज्य चालीहा साहिब मंदिर में बहराणा साहेब का आयोजन किया जाता है। हर वर्ष यहां 51 बहराणा साहेब निकलते हैं लेकिन इस वर्ष 101 बहराणा साहेब निकालकर सिंधी समाज और विश्व शांति की प्रार्थना के साथ लाल साईं के भक्तों ने इन सभी 101 बहराणा साहेब को पूज्य दरिया साहेब में परवान किया गया। यह जानकारी हमें लाल साईं भक्त दीपचंद सेवानी ने दी। उन्होंने बताया कि हर वर्ष 31 दिसंबर की



रात 8 से भजन-कीर्तन के साथ बहराणा साहिब की शुरुआत होती है और पल्लव के साथ इसका समापन होता है। विश्व शांति और सिंधी समाज के उत्थान के लिए बहराणा साहिब का आयोजन किया जाता है।

# कल्याण एसटी डिपो विठ्ठलवाड़ी स्थानांतरित

**कल्याण.** कल्याण में महाराष्ट्र राज्य सड़क परिवहन निगम के पुराने एसटी डिपो में स्मार्ट सिटी के तहत चल रहे विकास कार्यों के कारण एसटी निगम के साथ-साथ यात्रियों को एक बड़ी बाधा का सामना करना पड़ा है। विकास कार्य बाधित न हो और यात्रियों को असुविधा न हो, इसके लिए निगम ने कल्याण के एसटी आगार को विठ्ठलवाड़ी एसटी आगार में स्थानांतरित कर दिया है।

कल्याण के एसटी डिपो को स्मार्ट सिटी के तहत बदला जाएगा। इस डिपो में विकास कार्य चलने से यात्रियों को असुविधा होने लगी है। इन सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए, कल्याण के एसटी डिपो को अगले एक से दो वर्षों के लिए विठ्ठलवाड़ी एसटी डिपो में स्थानांतरित कर दिया गया है। महाराष्ट्र राज्य सड़क परिवहन निगम ने व्यवस्था की है कि कल्याण एसटी डिपो की लंबी दूरी की कल्याण की बसें विठ्ठलवाड़ी डिपो से चलेंगी.

विठुलवाड़ी एसटी डिपो के बाहर कल्याण एसटी डिपो की एक कार्यशाला का निर्माण किया गया है। इस डिपो से एसटी बसें रवाना की जा रही हैं। इसमें पुणे, नासिक आदि जाने वाली 35 मध्यम और लंबी दूरी की बसें शामिल हैं। मुरबाड, भिवंडी और अन्य क्षेत्रों में जाने वाली बसें कल्याण डिपो से ही जाती हैं. कल्याण के एसटी डिपो प्रबंधक महेश भोये ने बताया कि कल्याण में यात्रियों के लिए पुराने एसटी आगार के पीछे बैडमिंटन कोर्ट पर एक अस्थायी बस स्टेशन का निर्माण किया गया है।

# राशन जनजागृति व अन्न अधिकार सभा संपन्न



## राशन दुकानदार मनमानी करता है तो हमसे शिकायत करें : अशोक शाह

उल्हास विकास संवाददाता

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ में लोकाधिकारी सामाजिक संस्था द्वारा 'मेरा राशन मेरा अधिकार' राशन जनजागृति और अन्न अधिकार सभा का आयोजन रविवार की शाम में शारदा चौक, बुवापाड़ा में संस्था के अध्यक्ष राजेश कौठाले एवं उपाध्यक्ष अशोक शाह ने किया. राशन संबंधी जानकारी मार्गदर्शन सुनने के लिए काफी लोग एकत्रित हो गए थे. उनको संस्था के पदाधिकारियों ने जानकारी दी कि केंद्र सरकार ने अन्न सुरक्षा में शामिल सभी केसरी राशनकार्ड धारकों को प्रति व्यक्ति 5 किलो अनाज, 2 किलो गेहूं और 3 किलो चावल 3 रुपए प्रति किलो के हिसाब से आवंटित करती है. पीले राशनकार्ड धारकों को प्रति राशन कार्ड 35 किलो राशन दिया जाता है. अब एक जनवरी 2024 से 31 दिसंबर 2029 तक सिर्फ फ्री वाला राशन ही मिलेगा. अशोक शाह ने ये आरोप लगाया कि अंबरनाथ शहर में कई राशन दुकानदारों द्वारा ऊपर उल्लेखित राशन लोगों को नहीं दिया गया है. उनका आरोप है कि दुकानदारों ने राशन अधिकारियों से सांठगांठ करके गरीबों के राशन की चोरी की है और सिलसिला जारी है.

संस्था की ओर से शहरवासियों से भी ये आह्वान किया गया है कि अगर शहर का कोई भी राशन दुकानदार उनको उनके हक का राशन नहीं देता है तो उनसे उस दुकानदार की शिकायत करें. गरीब जनता को उनके अधिकार का राशन मिले तथा उनको राशन के नियमों की जानकारी हो. इसलिए लोकाधिकार सामाजिक संस्था की ओर से लोगों में जनजागृति की जा रही है. अशोक शाह के साथ राजेश



कौठाले, शंकर रहाणे, सचिव पारसनाथ कौल ने भी मार्गदर्शन किया. अंबरनाथ भाजपा महिला अध्यक्षा सुजाता भोईर भी उपस्थित थी.

**जैसे पके हुए फलों को गिरने के सिवा कोई भय नहीं वैसे ही पैदा हुए मनुष्य को मृत्यु के सिवा कोई भय नहीं. - वाल्मीकि**

उल्हास विकास

संपादकीय

## डीपफेक की बारिश होगी

डीपफेक 2024 में बड़ी समस्या बनने वाला है। दरअसल डीपफेक तैयार करने के लिए जिस तकनीक की जरूरत पड़ती है, वह आज न सिर्फ पहले की तुलना में आसानी से उपलब्ध है, बल्कि कम लागत या कीमत में भी उपलब्ध है। इसके लिए जेनेरेटिव एआई या कृत्रिम मेधा का इस्तेमाल किया जाता है। जेनरेटिव एआई के जरिये किसी भी शैली और किसी भी भाषा में ई-मेल लिखे जा सकते हैं। ऐसे में, इसकी कोई गारंटी नहीं कि सीएफओ की तरफ से आए ई-मेल वाकई उन्होंने ही लिखे हैं। ऐसे में, आश्चर्य नहीं कि सिलिकॉन वैली के अनेक लोग बगैर विराम चिह्नों के पोस्ट लिख रहे हैं-यही एक तरीका है, जिससे पता चल सकता है कि इसमें एआई की मदद नहीं ली गई है। लिखित सामग्री को जांचने का खतरा तो है ही, लेकिन 2024 में असली खतरा आवाज और वीडियो से होगा। इलेवनलैब्स जैसी वॉयस क्लोनिंग सर्विसेज इतनी पेशेवर हैं कि वे हू-ब-हू आवाजों की क्लोनिंग कर लेती हैं। आवाज को जांचने की तकनीक जल्दी ही बेकाम की हो जाएगी। वॉयस मेल विश्वसनीय नहीं है। मैंने अपनी आवाज की क्लोनिंग करा ली है, लिहाजा जो भी पाठ मैं चुनूंगा, वह मेरी ही आवाज में बोलेगा। लेकिन इसका भी एक खतरा है-गलत हाथों में चले जाने पर वह आवाज मेरे स्वर में न जाने क्या-क्या बक डालेगी। इस लिहाज से ऑडियो पर तो ध्यान रखना ही होगा, लेकिन वीडियो ज्यादा महत्वपूर्ण साबित होने जा रहे हैं। वीडियो में दिख रहे व्यक्ति को उसकी ही आवाज में सुने जाने पर भ्रम पैदा होगा। जो उसने नहीं कहा, वीडियो में उसे भी कहते देखा जाएगा। जो उसने नहीं किया, वीडियो में वह करते भी उसे देखा जाएगा। ऐसे में, जाहिर है, पसोपेश, असमंजस और भ्रम की स्थिति पैदा होगी। इससे कॉरपोरेट जासूसी और भयादोहन को बल मिलेगा। वर्ष 2024 में दुनिया की आधी से अधिक आबादी चुनावों में हिस्सा लेगी। अमेरिका के अलावा भारत, इंडोनेशिया, मेक्सिको, रूस और ब्रिटेन सहित कई देशों में चुनाव होंगे। मेरा मानना है कि इनमें से हर चुनाव में डीपफेक वीडियो बड़ी भूमिका निभाएंगे। मतदाताओं में व्याप्त भ्रम का असर चुनावी नतीजों पर भी पड़ सकता है। यूक्रेन और गाजा के मोर्चों पर डीपफेक वीडियोज पहले ही पहुंच चुके हैं, जिससे फैसले उन घटनाओं के आधार पर लिए जा रहे हैं, जो कभी घटी ही नहीं। चुनावी धोखाधड़ी, कॉरपोरेट ब्लैकमेलिंग, बाजारों को अपने हितों के अनुरूप चालित करने और डीपफेक के कारण साइबर सुरक्षा से जुड़े खतरे के मामले वर्ष 2024 में बढ़ेंगे। ऐसे में, यह चर्चा, चिंता और लड़ाई सतत बनी रहेगी कि कोई लिखित सामग्री, कोई तस्वीर, कोई ऑडियो क्लिप या कोई वीडियो असली है या फर्जी।

# तेजस्वी के मुख्यमंत्री बनने की जमीन तैयार हो गई है?



लोकसभा चुनाव से चंद महीने पहले जिस तरह बिहार की राजनीति में तूफान आया है उससे यह तो संकेत मिलने लगे हैं कि बिहार में जल्दी ही सत्ता परिवर्तन का खेल शुरू हो सकता है। अगर भाजपा सांसद और केन्द्रीय मंत्री गिरिराज सिंह यह कह रहे हैं कि लालू यादव 14 जनवरी से पहले तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री बनवा देंगे, तो इसके आसार भी नजर आने लगे हैं। आरजेडी खेमे में जबरदस्त हलचल है। विधानसभा अध्यक्ष अवध बिहारी चौधरी ने साल के आखिरी दिन लालू यादव से राबड़ी देवी के घर पर मुलाकात की। तेजस्वी ने भी अपना जनवरी के पहले हफ्ते में प्रस्तावित आस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड का दौरा रद्द कर दिया है।

2020 के चुनाव नतीजों को याद कीजिए। 75 सीटें जीतकर सबसे बड़ी पार्टी के तौर पर आरजेडी उभरी थी। भाजपा को 74 सीटें मिली थीं। बाद में ओवैसी की पार्टी के पांच में से चार विधायक भी आरजेडी में शामिल हो गए और आरजेडी के कुल 79 विधायक हो गए। कांग्रेस के 19 विधायक चुने गए थे जबकि वामपंथियों के 16 विधायक। दूसरी तरफ एनडीए के साथ चुनाव लड़ने वाले जेडीयू को केवल 45 सीटों पर संतोष करना पड़ा और भाजपा को 74 सीटें मिली थीं, हालांकि अब उसके 78 विधायक हैं। तब भी तेजस्वी यादव ही मुख्यमंत्री के सबसे पहले दावेदार थे। लेकिन नीतीश ने खुद मुख्यमंत्री बने रहने के लिए भाजपा के साथ मिलकर अपनी सरकार बनाई। यह तकलीफ लालू यादव को तब से ही रही है। लेकिन नीतीश ने मुख्यमंत्री बनने के डेढ़ साल बाद ही फिर पाला बदला, लालू यादव की इफ्तार पार्टी में शामिल हुए और तीन ही महीने बाद अगस्त 2022 में एनडीए छोड़कर फिर से आरजेडी के साथ चले गए। मुख्यमंत्री वह बने रहे और तेजस्वी यादव को 2015 की तरह उप मुख्यमंत्री के तौर पर संतोष करना पड़ा। लेकिन अगर गिरिराज सिंह की मानें तो लालू यादव पहले से ही वक्त के इंतजार में थे और चुनाव से पहले 'खेला' करने की रणनीति बना चुके थे। आरजेडी से जुड़े एक नेता का कहना है कि सियासत के खेल में लालू यादव हमेशा से नीतीश पर भारी रहे हैं। उनके कहने पर ही नीतीश ने मोदी सरकार के खिलाफ महागठबंधन बनाने की पहल की। लालू ने ही नीतीश को यह समझाने की कोशिश की कि अब वह मुख्यमंत्री बहुत रह लिए, उन्हें तो प्रधानमंत्री होना चाहिए और इसके लिए महागठबंधन ही एकमात्र रास्ता है। नीतीश ने इसके लिए खूब मेहनत की, ममता बनर्जी से लेकर सोनिया गांधी, शरद पवार, अखिलेश यादव और अरविंद केजरीवाल तक से मिले। सबको जोड़ा और इंडिया गठबंधन अब चुनाव में भाजपा को टक्कर देने के लिए तैयार है। आखिरकार 19 दिसंबर को इंडिया गठबंधन की बैठक के दौरान जब बतौर पीएम मल्लिकार्जुन खरगे का नाम प्रस्तावित हुआ तब ये सवाल उठने लगे कि अब नीतीश क्या करेंगे। उनकी गठबंधन में क्या भूमिका होगी, क्या वे गठबंधन के संयोजक बनेंगे या फिर एक बार फिर एनडीए का रुख करेंगे। इस आशंका को 29 दिसंबर को जेडीयू कार्यकारिणी की बैठक के बाद हुई प्रेस कांफ्रेंस ने और हवा दी, जब उन्होंने यह कह दिया कि राजनीति में न तो कोई दोस्त होता है, न दुश्मन। साथ ही उन्होंने निमंत्रण मिलने पर अयोध्या के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में भी जाने की बात कह दी। हालांकि कार्यकारिणी की बैठक में मोदी सरकार के खिलाफ सख्त भाषा में प्रस्ताव भी पारित हुए, विपक्षी सांसदों के निलंबन पर भी मोदी सरकार के रवैये की तीखी आलोचना की गई, साथ ही नीतीश कुमार को इंडिया गठबंधन के साथ सीट शेयरिंग के लिए अधिकृत किया गया। इसके बावजूद ये अफवाहें उड़ती रहीं कि नीतीश फिर पलटी मार सकते हैं, जबकि इंडिया गठबंधन के किसी भी घटक दल के किसी भी नेता ने कभी ये बात नहीं की और न ही कोई प्रतिक्रिया दी। लेकिन नीतीश को केन्द्रीय भूमिका में लाकर बिहार के मुख्यमंत्री का ताज तेजस्वी को पहनाने की पटकथा काफी पहले से लिखी जा रही थी और यह तभी संभव था जब नीतीश की भूमिका पार्टी में और गठबंधन में और बढ़ाई जाए।






आत्मा उस आध्यात्मिक बीज के समान है जो हमारे अंदर सुप्त रहती है, जब तक हम उसे पोषित नहीं करते हैं।

- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२

देखें सत्संग आस्था चैनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक


# समुद्री परिवहन सुरक्षा



ऐसे वक्त में जब इस्राइल-हमास संघर्ष की तपिश समुद्री परिवहन को अपनी चपेट में लेने लगी है, भारतीय रक्षामंत्री का सख्त बयान आश्वस्त करने वाला है। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने हिंद महासागर क्षेत्र में व्यापारिक जहाजों को धमकी देने वालों को कड़ी चेतावनी दी है। उन्होंने कहा है कि भारतीय समुद्री जहाजों की सुरक्षा को चुनौती देने वालों को वह सबक सिखाएगा। निस्संदेह, यह इस दिशा में भारत सरकार की प्रतिबद्धता को ही उजागर करता है। दरअसल, भारत हिंद महासागर क्षेत्र में एक सुरक्षा प्रदाता की भूमिका का भी निर्वहन करता है। साथ ही भारत सुनिश्चित करेगा कि समुद्री व्यापार सुगम व सुरक्षित हो सके। वहीं लाल सागर में लगातार बढ़ते तनाव के अरब सागर तक पहुंचने की आशंका को देखते हुए भारत नौसेना हाई अलर्ट पर है। भारत ने अपने व्यापारिक जहाजों को हूती आतंकवादियों से उत्पन्न खतरे से बचाने के लिये चार युद्धपोतों को समुद्र में उतार दिया है। ये युद्धपोत अरब सागर के एक बड़े समुद्री इलाके की निगरानी करेंगे। इनकी निगरानी के दायरे में अदन की खाड़ी का वह क्षेत्र भी शामिल है, जहां से हूती आतंकवादी अंतर्राष्ट्रीय समुद्र नौवहन को चुनौती देते रहते हैं। इसके अलावा उन्नत एयरक्राफ्ट पहले से इलाके की निगरानी कर रहे हैं। ये हवाई जहाज उन्नत तकनीक व यंत्रों के जरिये समुद्री गतिविधियों की निगरानी करके सुरक्षा प्रदान करना सुनिश्चित करेंगे। दरअसल, ईरान समर्थित हूती लड़ाके लाल सागर में वाणिज्यिक जहाजों को ड्रोन व मिसाइलों से हमले का शिकार बना रहे हैं। उनकी दलील है कि गाजा पर बमबारी रोकने के लिए इस्राइल से जुड़े जहाजों को निशाना बनाया जा रहा है। बीते सप्ताह अरब सागर से मंगलुरु जाने वाले एमवी चेम प्लूटो और लाल सागर में सऊदी अरब से आ रहे क्रूड ऑयल कैरियर एमवी साईं बाबा पर हमले को भारत ने बड़ी गंभीरता से लिया है। निस्संदेह, गुजरात तट से दो सौ समुद्री मील दूर प्लूटो पर हुआ हमला भारतीय नौसेना के लिये एक चुनौती जैसा था।


दरअसल, इस हमले के बाद सुरक्षा उपायों को लागू करने के लिये नौसेना ने समुद्री सुरक्षा से जुड़ी अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियों से तालमेल बनाना जरूरी समझा। भारत की इस प्रतिक्रिया में अंतर्राष्ट्रीय सहयोग भी शामिल है क्योंकि भारत हिंद महासागर में सामान्य नौवहन सुनिश्चित करता है। दरअसल, जैसे-जैसे समुद्री सीमाओं पर चुनौतियां बढ़ रही हैं, भारत अपनी तैयारियों को तेज कर रहा है। हाल में उन्नत विध्वंसक मिसाइलों से लैस आईएनएस इम्फाल का जलावतरण इसी कड़ी का विस्तार है। यह भी नौसेना द्वारा विकसित व डिजाइन किये गए युद्धपोतों में शुमार है। वहीं अरब सागर में उतारे गये चार युद्धपोत अदन की खाड़ी में निगरानी करेंगे ताकि अंतर्राष्ट्रीय समुद्री परिवहन सुचारु रूप से संचालित हो सके। भारत का यह कदम जहां अपने हितों की रक्षा करने का है, वहीं क्षेत्र में एक बड़ा राष्ट्र होने के नाते उसे अंतर्राष्ट्रीय जिम्मेदारियों का भी निर्वहन करना है। लेकिन इसके साथ ही भारत लाल सागर में अमेरिकी नेतृत्व में तैनात उन युद्धपोतों के समूह से अलग है जो लाल सागर में इस्राइली हितों के संरक्षण के लिये जमा हैं। दरअसल, भारत की प्राथमिकता इस बात को लेकर है कि इस मार्ग से होने वाला उसका अधिकांश कारोबार और अस्सी फीसदी कच्चा तेल व गैस सुरक्षित भारत पहुंच सके। इसके अलावा भारत की जवाबदेही जहाजों की आवाजाही सुनिश्चित करने की अंतर्राष्ट्रीय बाध्यताओं की वजह से भी है। ऐसे वक्त में जब हूती विद्रोही लाल सागर में सौ से अधिक हमले करके एक दर्जन समुद्री जहाजों को क्षति पहुंचा चुके हैं, भारत की सजगता व सक्रियता स्वाभाविक है। लेकिन चिंता की बात यह है कि इस्राइल व हमास का संघर्ष अब पश्चिमी एशिया से बाहर तक प्रभाव डालने लगा है।

# 2024 में सूर्य पर 'उतरेगा' ये अंतरिक्ष यान!

भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी इसरो (ISRO) ने नए साल के पहले ही दिन एक्सपोसैट (XPoSat) सैटेलाइट लॉन्च कर दुनिया में तहलका मचा दिया है. इस मिशन के जरिये भारत ब्लैक होल्स और सुपरनोवा जैसी सुदूर चीजों के बारे में पता लगाने की कोशिश करेगा. इस तरह के मिशन पर जाने वाला

**जरा हट के**

भारत अमेरिका के बाद दुनिया का दूसरा देश बन गया है. बात सिर्फ यहीं खत्म नहीं होती, 2024 अंतरिक्ष में दुनिया में हलचल मचाने वाला साल होगा. अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ( NASA ) ने ऐलान किया कि इसी साल उनका अंतरिक्ष यान पार्कर सोलर प्रोब (Parker Solar Probe) आग की तरह धधकते सूर्य पर



उतरेगा. तब उसकी रफ्तार 195 किलोमीटर प्रतिसेकेंड होगी. नासा ने जो खुलासे किए हैं, वे हैरान करने वाले हैं.


### न्यूयॉर्क से लंदन की दूरी सिर्फ 30 सेकेंड में

नासा पार्कर सोलर प्रोब परियोजना के साइंटिस्ट डॉ नूर राउफी (Dr Nour Raouafi) ने बीबीसी से बातचीत में उस तारीख का भी खुलासा किया जब पहली बार को कोई अंतरिक्ष यान सूर्य पर उतरने जा रहा है. उन्होंने कहा, 24 दिसंबर, 2024 को पार्कर सोलर प्रोब सूर्य के सबसे करीब पहुंचेगा. इतने करीब आज तक कोई भी मानव निर्मित वस्तु नहीं पहुंची है. उस समय अंतरिक्ष यान की गति 195 किलोमीटर प्रति सेकंड या 435,000 मील प्रति घंटे होगी. पार्कर सोलर प्रोब की स्पीड को आप ऐसे समझ सकते हैं कि न्यूयॉर्क से लंदन की दूरी सिर्फ 30 सेकेंड में तय हो जाएगी. यह सूर्य पर उतरने की तरह ही होगा. क्योंकि उसके तल पर जाने वाली कोई भी मशीन अब तक नहीं बनी. पार्कर सोलर प्रोब सूर्य की उबलती सतह से अभी 61 लाख किलोमीटर दूर है.

जॉन्स हॉपकिन्स यूनिवर्सिटी एप्लाइड फिजिक्स लेबोरेटरी के वैज्ञानिक डॉ नूर राउफी ने कहा, यह घटना 1969 की चंद्रमा लैंडिंग के बराबर है और पूरी मानवता के लिए एक बड़ी उपलब्धि होगी. पार्कर की इतनी तेज रफ्तार सूर्य के गुरुत्वाकर्षण की वजह से होगी. नासा ने इस मिशन को 2018 में लॉन्च किया था. इसका मकसद सूर्य के बेहद करीब से बार-बार गुजरना है, ताकि उसके बारे में पता किया जा सके.

# चाहते हैं स्वस्थ और लंबी आयु

## तो नए साल में गांठ बांध ले ये तीन बातें



साल 2024 का काउंटडाउन शुरू हो गया है, कुछ ही दिनों में हम 2024 में प्रवेश करने जा रहे है। इससे पहले अगर साल 2023 पर एक नजर डालें तो पता चलता है कि ये पूरा साल हमारी सेहत के मामले में कई तरह से काफी चुनौतीपूर्ण रहा है। पूरे साल कई प्रकार का संक्रामक बीमारियों, हृदय रोग, मच्छरजनित रोगों सहित कई बीमारियों ने समय-समय पर मुश्किलें बढ़ाईं। हम भले ही एक नए साल की तरफ बढ़ रहे हैं पर ये चुनौतियां अभी कम नहीं हुई हैं। इनका खतरा अब भी बना हुआ है।

अध्ययनों से पता चलता है कि कई प्रकार की स्वास्थ्य समस्याओं, पर्यावरणीय दिक्कतों के कारण हमारी सेहत पर बहुत नकारात्मक असर हुआ है, लिहाजा कम उम्र में ही लोग न सिर्फ गंभीर बीमारियों के शिकार हो रहे हैं, साथ ही मौत का खतरा भी बढ़ा है। इस दिशा में विशेष प्रयास की आवश्यकता है।

अगर आप भी बीमारियों से बचाव करते हुए स्वस्थ और लंबी आयु चाहते हैं तो नए साल में कुछ विशेष सुधार की आवश्यकता है। आइए इस बारे में जानते हैं।

### न्यू ईयर रेजोल्यूशन

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, स्वस्थ जीवन के लिए सबसे आवश्यक है कि हम सभी अपनी इम्युनिटी को मजबूत करने के लिए प्रयास करें। ये सतत प्रक्रिया है जिसका मतलब है कि प्रतिरोधक क्षमता को निर्मित करने के लिए निरंतर प्रयास करते रहना जरूरी है। पौष्टिक आहार और नियमित व्यायाम करने से आपकी जीवन प्रत्याशा बढ़ सकती है। लाइफस्टाइल में कुछ आवश्यक बदलाव करके आप लंबी आयु पा सकते हैं। कम उम्र से ही इसके लिए प्रयास शुरू कर देना आवश्यक है, ये आपके लिए न्यू ईयर रेजोल्यूशन भी है।

### शारीरिक रूप से सक्रिय रहें

इसमें कोई आश्चर्य नहीं होना चाहिए कि शारीरिक रूप से सक्रिय रहने से आप स्वस्थ रह सकते हैं और आयु भी बढ़ती है। प्रतिदिन कम से कम 30 मिनट का व्यायाम आपको दीर्घायु बनाने के लिए लाभकारी है। इससे समय से पहले मृत्यु का जोखिम भी 4% कम हो सकता है। अध्ययनों की समीक्षा में पाया गया कि व्यायाम करने वाले 60 वर्ष से अधिक उम्र के व्यक्तियों में शीघ्र मृत्यु का जोखिम 22 फीसदी तक कम देखा गया है।

### आहार में प्लाट-बेस्ड चीजों-नट्स को करें शामिल

शोधकर्ता बताते हैं, फलों-सब्जियों, नट्स-सी, साबुत अनाज और बीन्स जैसे विभिन्न प्रकार के पौधों पर आधारित खाद्य पदार्थों का सेवन करने से बीमारी का खतरा कम हो सकता है और आप दीर्घायु होते हैं। अध्ययनों में पाया गया है कि प्लाट-बेस्ड आहार, समय से पहले मौत के जोखिम को कम करने के साथ कैंसर, मेटाबॉलिक सिंड्रोम, हृदय रोग, अवसाद जैसी बीमारियों से बचा सकते हैं।

इसी तरह आहार में नट्स को जरूर शामिल करें। ये प्रोटीन, फाइबर, एंटीऑक्सीडेंट्स से भरपूर होते हैं। अध्ययनों से पता चलता है कि जो लोग प्रति सप्ताह कम से कम 3 बार नट्स का सेवन करते हैं, उनमें समय से पहले मृत्यु का जोखिम 39% कम होता है।

# पनीर टिक्का मसाला

**खाना-खजाना**

हम आपको घर पर ही पनीर टिक्का मसाला बनाने की आसान विधि बताने जा रहे हैं। अगर आपके घर मेहमान भी आ रहे हैं, तो आप पनीर मसाला टिक्का बनाकर उन्हें इंप्रेस कर सकती हैं। इसे खाकर हर कोई आपकी तारीफ करेगा।

### सामग्री

- 250 ग्राम पनीर
- टमाटर
- शिमला मिर्च
- 1/2 कप दही
- 1 चम्मच लाल मिर्च पाउडर
- 1 चम्मच धनिया पाउडर
- 1/2 चम्मच गरम मसाला
- 1 चम्मच अदरक-लहसुन का पेस्ट
- 1 चम्मच लेमन जूस
- नमक स्वादानुसार
- 1 टेबलस्पून तेल
- जीरा

### विधि

इसे बनाने के लिए सबसे पहले एक बड़े बाउल में दही में लाल मिर्च पाउडर, धनिया पाउडर, गरम मसाला पाउडर, अदरक-लहसुन का पेस्ट, लेमन जूस, और नमक मिलाएं।



इसे अच्छे से मिलाकर इसमें पनीर, शिमला मिर्च और टमाटर के टुकड़ों को डालें और मसाले को हाथ से पनीर और सब्जियों में सही से मिक्स करें, ताकि मसाले सही से चिपक जाएं। इसे कम से कम 30 मिनट के लिए मैरिनेड करने के लिए रख दें।

इसके बाद अब करीब 30 मिनट के बाद मैरिनेड किए हुए पनीर, टमाटर और शिमला मिर्च के टुकड़ों को स्क्यूअर्स (सींखों) में पिरो लीजिए और उन्हें ग्रिल या बेक कर लीजिए।

पनीर के टुकड़ों को ग्रिल करने के लिए आप पैन का भी उपयोग कर सकते हैं। अब पनीर के इन ग्रिल्ड क्यूब्स को एक तरफ रख दीजिए। जब ये ग्रिल हो जाए तो इसपर पिघला हुआ बटर लगाकर हरे धनिये की चटनी के साथ परोसें।

# संजीवनी बूटी से कम नहीं है फरण

## कोलेस्ट्रॉल करे कंट्रोल तो दिल के रोगों में कारगर; शरीर को रखे तंदुरुस्त

हिमालयी क्षेत्रों में औषधियों का भंडार है. यहां कई ऐसी बेशकीमती जड़ी-बूटियां है, जोकि असाध्य रोगों में कारगर साबित होती हैं. ऐसा ही एक हिमालयी पौधा फरण है. हिमालयी क्षेत्रों में फरण (जम्बू) का प्रयोग भी खाने में तड़के के रूप में किया जाता है. हिमालयी क्षेत्रों में पाया जाने वाला फरण कई औषधीय गुणों से भरपूर है. भारत, पाकिस्तान, भूटान, नेपाल और तिब्बत के उच्च हिमालयी क्षेत्रों में उगने वाला औषधीय पौधा फरण कई बीमारियों में भी कारगर साबित होता है. यह हार्ट संबधी रोगों में भी लाभदयक है. जबकि इसका प्रयोग स्थानीय लोग पारंपरिक रूप से खाने में करते हैं. इसके साथ ही यह यूनानी और आयुर्वेदिक औषधि निर्माण मे भी एक मुख्य अवयव के रूप प्रयोग होता है.

बता दें कि भारतीय खानों में मसालों का विशेष महत्व है. आमतौर पर 100 से ज्यादा किस्म के मसाले प्रयोग में लाये जाते हैं. इसमें जीरा, धनिया, अमचूर, सौंफ, कलौंजी, विभिन्न किस्म की मिर्चें, कई तरह के नमक आदि शामिल हैं. जबकि फरण का प्रयोग भी



मसालों के रूप में किया जाता है.

### फरण के तेल पर किया जा रहा काम!

फरण पर काम कर रही उच्च शिखरीय पादप शोध केंद्र (हेप्रेक) की प्रोफेसर डॉ विजयलक्ष्मी ने बताया कि पहले इसे तड़के के रूप में प्रयोग किया जाता था, लेकिन अब दवा कंपनियों द्वारा इसका प्रयोग दवाईयों के निर्माण में भी किया जाता है. इसमें सल्फर कंटेनिंग कंपाउंड, फाइबर, एंटीआक्सीडेंट समेत कई मेडिसिनल प्रॉपर्टीज हैं. साथ ही बताया कि वह और ग्राफिक एरा यूनिवर्सिटी में कार्यरत डॉ प्रभाकर सेमवाल फरण को एक्सट्रेक्ट कर ऑयल निकालने के साथ इसके प्रयोग को लेकर काम कर रहे हैं. प्रोफेसर डॉ विजयलक्ष्मी के मुताबिक, अभी तक फरण के तेल पर काम नहीं हुआ है. इसके तेल में कौन से एक्टिव इंग्रिडेंट हैं, इसका पता चलने के बाद और काम किए जा सकते हैं.

फरण के मेडिसिनल लाभ

प्रोफेसर डॉ विजयलक्ष्मी ने बताया कि फरण मे सल्फर तत्व के मौजूद होने की वजह से यह ब्लड कोलेस्ट्रॉल को नियंत्रित करता है. साथ ही फरण पाचन क्रिया के लिए टॉनिक के रूप में भी मददगार है. शायद यही कारण है कि हिमालयी क्षेत्रों में रहने वाले लोग स्वस्थ और तंदुरुस्त रहते हैं. फरण में 4.26 प्रतिशत प्रोटीन, 0.1 प्रतिशत वसा, 79.02 प्रतिशत फाइबर समेत कार्बोहाइड्रेट, कैल्शियम, फास्फोरस, मैग्नीशियम और पोटेशियम की मात्रा पाई जाती है.

### फरण की हो रही खेती

बहरहाल, गरीबों का तड़का कहे जाने वाले फरण की खेती उत्तराखंड के निति माणा घाटी, नंदप्रयाग समेत कुछ स्थानों पर व्यावसायिक रूप से की जाती है. फरण (जम्बू) को गढ़वाल के कुछ इलाकों में लादो के नाम से भी जाना जाता है. उच्च हिमालयी इलाकों में रहने वाली जनजातियां द्वारा फरण को सुखाने के बाद

# किचन टिप्स



महिलाएं वर्किंग हों या नॉन वर्किंग, उनका काफी समय किचन में ही गुजरता है। हालांकि कुकिंग उस समय बेहद थकाऊ और परेशानी की वजह लगने लगती है, जब आपके पास समय की कमी हो। अगर आप वर्किंग लेडी हैं और समय बचाने के साथ अपनी कुकिंग को टेस्टी भी बनाए रखना चाहती हैं तो ये स्मार्ट कुकिंग टिप्स आपकी मदद कर सकते हैं। जिनका इस्तेमाल करके आप आसानी से अपनी नॉर्मल कुकिंग को भी स्मार्ट कुकिंग में बदल सकती हैं।

### स्वीट डिश-

कोई भी मीठी डिश बनाते वक्त उसमें एक चुटकी नमक डालें, इससे स्वाद और ज़्यादा उभर कर आएगा।

### लहसुन छीलने के टिप्स-

खाने का स्वाद बढ़ाने के लिए कई सब्जियों में लहसुन का इस्तेमाल किया जाता है। लेकिन महिलाओं को लहसुन छीलने में काफी वक्त लग जाता है। ऐसे में लहसुन को जल्दी छीलने के लिए आप लहसुन को गर्म पानी में भिगोकर कुछ देर के लिए रख दें। इस उपाय को आजमाने से लहसुन का ऊपरी हिस्सा काटने से ही पूरा छिलका आसानी से निकल जाएगा।

### छेना का पानी-

छेना फाड़ने के बाद उससे निकला पानी फेंके नहीं। उसका इस्तेमाल रोटी या परांठे का आटा गूंधने के लिए करें। रोटी-पराठे ज़्यादा टेस्टी और मुलायम बनेंगे।

### सफेद चावल-

चावल बनाते वक्त इसके पानी में 1 चम्मच घी और कुछ बूंदें नींबू के रस की डालें, इससे चावल खिले-खिले और बिल्कुल सफेद बनेंगे।

लेख में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

## आज का राशिफल

**मेष** : लाभ के अवसर हाथ आएंगे। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। व्यापार में अधिक लाभ होगा। यात्रा मनोरंजक रहेगी। किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। मनपसंद भोजन का आनंद प्राप्त होगा। लेन-देन में सावधानी रखें। शत्रुओं का पराभव होगा।

**वृषभ** : शत्रु भय रहेगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। शारीरिक कष्ट संभव है। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। भूमि व भवन संबंधी खरीद-फरोख्त की योजना बनेगी। आर्थिक उन्नति होगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। निवेश शुभ रहेगा। अधिकारी प्रसन्न रहेंगे।

**मिथुन** : व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। नेत्र पीड़ा हो सकती है। मानसिक बेचैनी रहेगी। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। अधिकार प्राप्ति के योग हैं। पार्टनरों का सहयोग मिलेगा। नौकरी में उच्चाधिकारी प्रसन्न रहेंगे। भागदौड़ रहेगी।

**कर्क** : लेन-देन में जल्दबाजी न करें। पुराना रोग उभर सकता है। दुःखद समाचार की प्राप्ति संभव है। किसी के उकसाने में न आएं। बात बिगड़ सकती है। आवश्यक निर्णय सोच-समझकर करें। व्यवसाय ठीक चलेगा। नौकरी में कार्यभार रहेगा। थकान हो सकती है।

**सिंह** : पराक्रम व प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। आय में वृद्धि होगी। कारोबार का विस्तार होगा। नौकरी में प्रमोशन मिल सकता है। प्रयास सफल रहेंगे। पार्टनरों का सहयोग प्राप्त होगा। निवेश लाभदायक रहेगा। घर में सुख-शांति रहेगी। उत्साह बना रहेगा।

**कन्या** : आय में वृद्धि होगी। कारोबार लाभप्रद रहेगा। दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं। दूर से शुभ समाचार की प्राप्ति होगी। घर में अतिथियों का आगमन होगा। व्यय बढ़ेगा। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। नौकरी में सहकर्मियों का साथ रहेगा।

**तुला** : पुराना रोग उभर सकता है। अनहोनी की आशंका रहेगी। मातहतों से कहासुनी हो सकती है। पार्टनरों से मतभेद संभव है। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। दूसरों से अपेक्षा न करें। बनते काम बिगड़ सकते हैं। आय में निश्चितता रहेगी। प्रयास करना पड़ेंगे।

**वृश्चिक** : आंखों को चोट व रोग से बचाएं। धन प्राप्ति सुगम होगी। सुख के साधन जुटेंगे। कारोबार लाभदायक रहेगा। नौकरी में उच्चाधिकारी प्रसन्न रहेंगे। मातहतों का सहयोग प्राप्त होगा। थकान व कमजोरी महसूस हो सकती है। कोर्ट व कचहरी के काम निबटेंगे।

**धनु** : किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। यात्रा मनोरंजक रहेगी। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। कारोबार में बुद्धिबल से उन्नति होगी। नौकरी में मातहतों का सहयोग प्राप्त होगा। दुष्टजनों से सावधानी आवश्यक है। पारिवारिक चिंता बनी रहेगी।

**मकर** : राज्य से प्रसन्नता रहेगी। कोई बड़ा काम हो सकता है। नई योजना बनेगी। नया उपक्रम प्रारंभ हो सकता है। सामाजिक कार्य करने का अवसर मिलेगा। प्रतिष्ठा बढ़ेगी। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। कोई नई समस्या आ सकती है।

**कुंभ** : राजभय रहेगा। विवाद को बढ़ावा न दें। लेन-देन में जल्दबाजी हानि देगी। शारीरिक कष्ट संभव है। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। व्यवस्था में मुश्किल होगी। दूसरों से अपेक्षा न करें। चिंता तथा तनाव रहेंगे। अनहोनी की आशंका रहेगी।

**मीन** : प्रेम-प्रसंग में आशातीत सफलता प्राप्त होगी। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। सट्टे व लॉटरी से दूर रहें। कारोबार का विस्तार होगा। नौकरी में प्रमोशन मिल सकता है। सुख के साधन जुटेंगे। शत्रु परास्त होंगे। भाग्य का साथ मिलेगा।

-ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

## खबरें गांव की...

### फायरिंग करने वाला पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार, दिल्ली में भी दर्ज हैं केस

**अमरोहा.** फायरिंग कर लोगों को धमकाकर दहशत फैलाने वाले दिल्ली निवासी वसीम को अमरोहा नगर कोतवाली पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से तमंचा और कारतूस बरामद हुआ। पुलिस ने उसे न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है। सीओ सिटी अरुण कुमार सिंह ने बताया कि रविवार की रात दरोगा संदीप बालियान, हेड कांस्टेबल, संजय सिंह, अमित कुमार, हर्षित कुमार और नितिन व सूरज सुरक्षा के लिहाज से गश्त कर रहे थे। तभी मुखबिर की सूचना पर उन्होंने अकबरपुर पट्टी के जंगल में बाइक सवार की घेराबंदी कर ली। आरोप है कि उसने फायर कर दिया। इसमें पुलिसकर्मी बच गए। बाद में पुलिस ने दोबारा से घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ लिया।

### फर्नीचर की दुकान में घुसी पुलिस लिखी स्कॉर्पियो, कारीगर की मौत

**वाराणसी.** वाराणसी जिले के लंका थाना क्षेत्र के भगवानपुर इलाके में सोमवार को तेज रफ्तार एक स्कॉर्पियो फर्नीचर की दुकान में घुस गई। जिससे दुकान के बाहर बैठे इंदल पटेल (53) गंभीर रूप से घायल हो गए। अस्पताल पहुंचने से पहले उनकी मौत हो गई। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने गाड़ी को रोक लिया। वाहन पर पुलिस लिखा था। इस पर सवार युवक स्थानीय लोगों से उलझ गया। जिससे नाराज लोगों ने उसकी जमकर पिटाई कर दी। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने चालक लोगों के चंगुल से छुड़ाकर थाने भेजी।

### क्लास में कोचिंग टीचर का शव फंदे पर लटकता देख दंग रह गए छात्र

**जौनपुर.** जौनपुर जिले के शाहगंज क्षेत्र के मदरहां गांव स्थित एक विद्यालय में सोमवार को कोचिंग टीचर का शव फंदे से लटकता मिला। मौके पर पहुंची पुलिस को ब्लैक बोर्ड पर सुसाइड नोट लिखा मिला। इस दौरान पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल करते हुए पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय भेज दिया। आजमगढ़ के दीदारगंज थाना क्षेत्र के पकड़वल गांव निवासी नवीन कुमार (19) पुत्र पवन कुमार अपने ननिहाल शाहगंज के मदरहां में रहकर कोचिंग पढ़ाता था। सोमवार की सुबह घर से 500 मीटर स्थित माता मरजादी देवी इंटर कालेज में कोचिंग पढ़ाने पहुंचा था। बच्चे जब कोचिंग के लिए पहुंचे तो नवीन का शव पंखे के सहारे फंदे पर लटकरहा था। छात्रों ने इसकी सूचना ग्रामीणों को दी तो लोगों में हड़कंप मच गया।

### राम मंदिर ध्वज लेकर 13 हजार फीट की ऊंचाई से अनामिका ने लगाई छलांग

अयोध्या में बने भव्य राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर भक्त अपनी-अपनी तरह से खुशियां जाहिर कर रहे हैं। संगमनगरी की स्काई डाइवर अनामिका शर्मा (23) ने रविवार को एक और उपलब्धि हासिल की। बैंकॉक में 13 हजार फीट की उंचाई से राम मंदिर के ध्वज के साथ हैरतअंगेज छलांग लगाकर अपनी आस्था और खुशी जाहिर की है। यूएसपीए (यूनाइटेड स्टेट पैराशूट एसोसिएशन) की सी कैटेगरी की स्काई डाइविंग लाइसेंस प्राप्त कर चुकीं अनामिका ने एक पखवाड़े पहले ही रोडियो स्काई डाइव जंप कर इतिहास रचा था। अनामिका ने बैंकॉक में आसमान से 13000 फीट की ऊंचाई से जय श्रीराम के जयकारे संग छलांग लगाई। इस दौरान उनके हाथ में राम मंदिर का ध्वज भी था।

# उज्जैन-काशी में 5 लाख से ज्यादा लोगों ने दर्शन किए

- VIP दर्शन बंद, 2 किलोमीटर लंबी लाइन लगी



**नई दिल्ली.** देशभर में आज नया साल मनाया जा रहा है। 31 दिसंबर की रात से शुरू हुआ पब पार्टियों का सिलसिला 1 जनवरी की सुबह धार्मिक स्थलों पर पूजा और अरदास के साथ जारी है। देश के प्रमुख धार्मिक स्थलों पर लाखों की संख्या में श्रद्धालु दर्शन करने पहुंच रहे हैं।

उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर में 2024 की पहली भस्म आरती की गई। वहीं, वाराणसी में दशाश्वमेध घाट पर पहली गंगा आरती और सूर्य पूजा की गई। दोनों ही धर्मस्थलों पर दोपहर तक 5 लाख से ज्यादा श्रद्धालु दर्शन कर चुके हैं। शाम तक 16 लाख भक्तों के पहुंचने का अनुमान है। भीड़ को देखते हुए दोनों मंदिरों में VIP दर्शन बंद हैं।

उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर का पट सुबह 4 बजे खोला गया। इसके बाद महाकाल का गर्म जल से अभिषेक किया गया। 6 बजे तक करीब 45 हजार श्रद्धालुओं ने चलित भस्म आरती देखी। अब तक 2 लाख श्रद्धालु दर्शन कर चुके हैं। शाम तक 8 लाख लोगों के पहुंचने का अनुमान है। 2016 में सिंहस्थ के शाही स्नान के पहले दिन 6 लाख श्रद्धालु आए थे।

एक जनवरी को होने वाली भस्म आरती के लिए ऑनलाइन बुकिंग एक महीने पहले फुल हो चुकी थी। 31 दिसंबर को सुबह 6 बजे ऑफलाइन बुकिंग की लाइन लगी, जो एक घंटे में फुल हो गई। हालांकि चलित दर्शन व्यवस्था के चलते ज्यादा लोग तेजी से दर्शन कर पाए। इससे पहले, क्रिसमस की छुट्टियों के दौरान शनिवार, रविवार और सोमवार को तीन दिन में रिकॉर्ड तोड़ 11 लाख श्रद्धालुओं ने महाकाल के दर्शन किए थे। मंदिर समिति का दावा है कि नए साल के पहले दो दिनों में महाकाल लोक में 12 लाख लोगों के पहुंचने की उम्मीद है।

श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर के चारों ओर भक्तों की 2-2 किलोमीटर लंबी-लंबी कतारें लगी हुई थीं। यह स्थिति 30 दिसंबर की शाम से ही बनी थी। लोगों की भीड़ को देखते हुए मंदिर कॉरिडोर में चारों ओर से प्रवेश दिया जा रहा है। वहीं, ललिता घाट और दशाश्वमेध घाट से स्नान करते हुए भक्त लाइन में लगे हुए हैं।

विश्वनाथ मंदिर मंदिर प्रशासन के अनुसार, आज न्यू ईयर पर सावन वाली व्यवस्था लागू की गई है। मंदिर में बाबा विश्वनाथ का प्रोटोकॉल, टिकट और VIP दर्शन बंद कर दिया गया है। प्रोटोकॉल और रुद्राभिषेक पर भी रोक लगा दी गई है। आम भक्तों को ही दर्शन दिया जा रहा है।

काशी विश्वनाथ कॉरिडोर का लोकार्पण होने के बाद कुल 13 करोड़ शिवभक्तों ने दर्शन-पूजन किया है। इससे पहले 2 साल में 2 करोड़ से ज्यादा भक्त नहीं होते थे। 13 दिसंबर, 2021 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा कॉरिडोर का लोकार्पण करने के बाद श्रद्धालुओं की भीड़ 10 गुना ज्यादा हो गई।

# IIT-BHU रेप केस : आरोपी 3 दिन बाद शहर से भागे थे

- MP चुनाव में BJP की IT सेल से जुड़े
- 7वें दिन पीड़ित ने फुटेज से पहचाना था



कुणाल पांडेय, संयोजक, BJP IT सेल, वाराणसी महानगर | सक्षम पटेल, सह-संयोजक, BJP IT सेल, वाराणसी महानगर | आनंद उर्फ अभिषेक चौहान, कार्य समिति सदस्य, BJP IT सेल, वाराणसी महानगर

**वाराणसी.** IIT-BHU में बीटेक छात्रा से गैंगरेप के तीनों आरोपियों ने वारदात के 3 दिन बाद यानी 5 नवंबर को शहर छोड़ दिया था। वे मध्य प्रदेश चले गए थे। तीनों आरोपियों से पूछताछ में यह बात सामने आई है। आरोपियों ने बताया कि IIT-BHU में छात्रों के जबरदस्त प्रदर्शन से वे डर गए थे। घटना 1 नवंबर आधी रात के बाद की है।

सूत्रों के मुताबिक तीनों आरोपी कुणाल, सक्षम और आनंद उर्फ अभिषेक से शुरुआती पूछताछ में यह भी पता चला कि वे लोग वारदात से पहले करीब हर रात घूमने के लिए BHU कैंपस जाते थे। 1 नवंबर की शाम चेतगंज इलाके के नक्कट्टैया लक्खा मेले को देखकर निकले। इसके बाद उन्होंने पहले शराब पी, फिर BHU कैंपस पहुंचे। वहां, रात करीब 1:30 बजे लड़की को दोस्त के साथ टहलता देख तीनों ने बुलेट रोक ली। पीड़ित के दोस्त को भगा दिया। फिर जोर-जबर्दस्ती की। वारदात को अंजाम देने के बाद BHU के हैदराबाद गेट से तीनों बाहर निकल गए।

1 नवंबर की रात वारदात के बाद वाराणसी पुलिस ने 6 किलोमीटर तक 300 से ज्यादा CCTV फुटेज चेक किए। सूत्रों के मुताबिक 5 नवंबर को पुलिस को बुलेट पर सवार इन तीनों आरोपियों का फुटेज मिला। कन्फर्म होने के बाद पुलिस ने पीड़ित को CCTV दिखाया। विक्टिम ने फुटेज देखकर आरोपियों के चेहरे पहचान लिए। बताया कि यही वे तीनों लोग थे, जिन्होंने गन पॉइंट पर न्यूड वीडियो बनाया।

# MP में पेट्रोल पंपों पर भीड़

- पेट्रोल-डीजल भरवाने पहुंच रहे लोग
- सागर, छिंदवाड़ा और जबलपुर में लगी कतारें

**भोपाल.** देश में लागू हिट एंड रन कानून का मध्यप्रदेश में भी विरोध हो रहा है। रविवार दोपहर से टैंकर चालक हड़ताल पर चले गए हैं। इसके बाद पेट्रोल पंपों पर भीड़ लग गई है। जबलपुर, सागर और छिंदवाड़ा समेत कई शहरों में बड़ी संख्या में वाहन चालक पेट्रोल भरवाने पहुंच रहे हैं।

दरअसल, भारतीय न्याय संहिता 2023 में हुए संशोधन के बाद हिट एंड रन के मामलों में दोषी ड्राइवर पर 7 लाख रुपए तक का जुर्माना और 10 साल तक कैद का प्रावधान है। इससे ट्रांसपोटर्स में आक्रोश है।

रविवार को जबलपुर के शहपुरा में इंडियन ऑयल, भारत पेट्रोलियम और हिंदुस्तान पेट्रोलियम के डिपो के बाहर टैंकरों के पहिए थम गए। यहां टैंकर चालक हड़ताल पर चले गए। इस बात की खबर लगते ही पेट्रोल-डीजल की किल्लत की आशंका के चलते लोग पेट्रोल पंप पहुंचे।

पुलिस और प्रशासन भी एक्टिव हो गया। SDOP प्रफुल्ल श्रीवास्तव का कहना है कि हड़ताल को लेकर शासन स्तर से बात की जा रही है।

# हिट एंड रन कानून के खिलाफ 8 राज्यों में हड़ताल

- MP में ड्राइवर्स ने ट्रक खड़े किए
- राजस्थान-छत्तीसगढ़ में प्राइवेट गाड़ियां भी नहीं चलीं



**नई दिल्ली.** नए हिट एंड रन कानून के विरोध में सोमवार को देश के 8 राज्यों मध्यप्रदेश, राजस्थान, बिहार, छत्तीसगढ़, यूपी, उत्तराखंड, पंजाब और गुजरात में बस और ट्रक ड्राइवर हड़ताल पर हैं। भारतीय न्याय संहिता 2023 में हुए संशोधन के बाद हिट एंड रन के मामलों में दोषी ड्राइवर पर 7 लाख रुपए तक का जुर्माना और 10 साल तक कैद का प्रावधान है।


मध्य प्रदेश के भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर समेत अन्य शहरों में बसें नहीं चल रही हैं। राजस्थान में आधे दिन तक प्राइवेट गाड़ियां नहीं चलाई गईं। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में ट्रक ड्राइवरों ने सड़क पर वाहन खड़े कर टायरों में आग लगा दी। बिहार की राजधानी पटना समेत प्रदेश के कई जिलों में प्रदर्शन हो रहा है। वहीं उत्तराखंड, पंजाब और यूपी में भी ट्रक ड्राइवरों ने चक्का जाम किया।

### हिट एंड रन कानून पर विचार करे सरकार

ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस (**AIMTC**) ने हिट एंड रन कानून को सख्त बनाने का विरोध किया है। संगठन के आह्वान पर ही चक्का जाम और हड़ताल शुरू हुई है। **AIMTC** की अगली बैठक 10 जनवरी को होगी। इसमें फैसला लिया जाएगा कि अगर सरकार उनकी मांगें नहीं मानती है, तो किस तरह से सरकार के सामने अपना पक्ष रखा जाए। **AIMTC** के अध्यक्ष अमृत मदान ने कहा कि हिट एंड रन कानून के पीछे सरकार का इरादा अच्छा है, लेकिन प्रस्तावित कानून में कई खामियां हैं। इन पर दोबारा सोचने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था में सबसे बड़ा योगदान परिवहन क्षेत्र और ट्रक चालकों का है। भारत इस समय वाहन चालकों की कमी से जूझ रहा है, लेकिन सरकार का इस ओर कोई ध्यान नहीं है। ऐसे में 10 साल की सजा के प्रावधान के बाद अब ट्रक ड्राइवर नौकरी छोड़ने को मजबूर हो गए हैं।

# सूर्य नमस्कार का बना वर्ल्ड रिकॉर्ड

## मोढेरा सूर्य मंदिर में 4000 लोगों ने 108 स्थानों पर एक साथ किया सूर्य नमस्कार



**महेसाणा.** नए साल 2024 की पहली सुबह गुजरात के महेसाणा में स्थित मोढेरा सूर्य मंदिर में सूर्य नमस्कार का वर्ल्ड रिकॉर्ड बना। कार्यक्रम में 4000 लोगों ने 108 स्थानों पर एक साथ सूर्य नमस्कार किया। कार्यक्रम में गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल और गृह मंत्री हर्ष सांघवी भी मौजूद रहे।

मोढेरा सूर्य मंदिर में गुजरात के गृह मंत्री हर्ष सांघवी ने कहा कि आज 4000 से अधिक लोगों ने 'सूर्य नमस्कार' में हिस्सा लिया। योग को दुनिया भर में अपनाया जा रहा है। आज गुजरात ने सबसे ज्यादा लोगों के एक साथ सूर्य नमस्कार करने का नया रिकॉर्ड बनाया है।

गुजरात के लोगों ने 2023 में सबसे ज्यादा लोगों के एक साथ योग करने का ऐसा ही रिकॉर्ड बनाया था और आज फिर से गुजरात ने विश्व रिकॉर्ड बनाया है। यह कार्यक्रम 108 स्थानों पर आयोजित किया गया था जहां लाखों लोगों ने एक साथ सूर्य नमस्कार किया है।

### अनोखी परंपरा के साथ नए साल की शुरुआत

हर्ष सांघवी ने कहा है कि जहां दुनिया परंपरागत रूप से 31 तारीख की आधी रात का जश्न मनाती है, वहीं गुजरात के युवा एक अनोखी परंपरा के साथ नए साल की शुरुआत करते हैं और सूर्य नमस्कार के साथ सूर्योदय का स्वागत करते हैं। यह प्रतीकात्मक इशारा न केवल ऊर्जा का संचार करता है बल्कि एक स्वस्थ, अधिक जीवंत जीवन के प्रति प्रतिबद्धता को भी बढ़ावा देता है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार योग बोर्ड के माध्यम से सूर्य नमस्कार और योग के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण पैदा करने के प्रयास जारी रखे हुए है। इसका लक्ष्य इन प्रथाओं को दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बनाना, गुजरात के लोगों के बीच स्वास्थ्य और दीर्घायु को बढ़ावा देना है।

### गुरुग्राम में पत्नी की हत्या कर खुदकुशी

**गुरुग्राम.** हरियाणा के गुरुग्राम में पति ने पत्नी की हत्या कर दी। इसके बाद उसने खुद भी गाजियाबाद जाकर मैट्रो स्टेशन के पास सुसाइड कर लिया। पत्नी की हत्या का पता तब चला, जब डेढ़ साल का बच्चा 24 घंटे तक मां की लाश के पास रोता रहा तो पड़ोसियों ने पुलिस बुलाई। जिसके बाद पत्नी की लाश को पोस्टमॉर्टम के लिए अस्पताल भिजवाया गया।

यह घटना गुरुग्राम के DLF फेज 3 के S ब्लॉक के मकान नंबर 31/15 में हुई। मरने वाली पत्नी लक्ष्मी रावत (23) है। उसके पति की पहचान गौरव शर्मा के तौर पर हुई है। गुरुग्राम पुलिस के मुताबिक उन्हें सूचना मिली थी कि एक बच्चा घर के अंदर लगातार रो रहा है। जिसके बाद वह मौके पर आए। यहां आकर देखा तो महिला की लाश पड़ी हुई थी।

# पोस्टमास्टर ने खत्म किया पूरा परिवार

## पहले पत्नी-2 बेटियों और नातिन का गला घोंटा, फिर फंदा लगाया; कर्ज से परेशान था



मनमोहन सिंह | सरबजीत कौर | प्रभजोत कौर उर्फ ज्योति | गुरप्रीत कौर उर्फ गोपी

**जालंधर.** पंजाब के जालंधर में कर्ज से तंग पोस्टमास्टर ने पत्नी, 2 बेटियों और नातिन की हत्या कर खुदकुशी कर ली। उसने चारों का गला घोंट दिया। इसके बाद फंदे पर लटक गया। जब परिवार घर से बाहर नहीं निकला तो लोग दरवाजा तोड़कर अंदर घुसे। जिसके बाद इस खौफनाक वारदात का पता चला।

यह घटना आदमपुर के गांव डरौली खुर्द गांव में हुई। खुदकुशी करने वाला मनमोहन सिंह (55) है। उसने पत्नी सरबजीत कौर, बड़ी बेटी प्रभजोत कौर उर्फ ज्योति (32), छोटी बेटी गुरप्रीत कौर उर्फ गोपी (31) और बेटी प्रभजोत की बेटी अमन (3) है। पोस्ट ऑफिस में पोस्टमास्टर मनमोहन का बेटा विदेश में रहता है।

पुलिस को पता चला है कि गांव के 2 लोग उसे कर्जे को लेकर परेशान कर रहे थे। उनसे भी पूछताछ होगी। पुलिस मृतक के बेटे के विदेश से लौटने का इंतजार कर रही है।

मनमोहन ने सुसाइड नोट और कर्ज की 2 किश्तें भी छोड़ी। जिसमें उसने कर्ज को ही खुदकुशी की वजह बताया। एसएसपी मुखविंदर सिंह भुल्लर ने कहा- मनमोहन ने ही हत्या कर खुद सुसाइड किया है।

### शनिवार शाम से कोई नहीं निकला घर से बाहर

मौके पर मौजूद पड़ोसी ने पुलिस बताया कि शनिवार रात के बाद से पूरे परिवार का कोई भी सदस्य घर से बाहर नहीं देखा गया। दरवाजा अंदर से बंद किया गया था। अंदर से कोई आवाज नहीं आई। किसी के चीखने-चिल्लाने की भी आवाज नहीं आई। शनिवार रात को मनमोहन का दामाद सरबजीत सिंह उनके घर पहुंचा तो इस वारदात का पता चला।

### जापान में सुनामी का हाईएस्ट अलर्ट वापस

जापान में सोमवार को 7.6 तीव्रता का भूकंप आया। इसके बाद यहां सुनामी आ गई। वाजिमा शहर में करीब 4 फीट ऊंची (1.2 मीटर) लहरें उठीं। हालांकि, शाम को सरकार ने सुनामी की हाईएस्ट वॉर्निंग वापस ले ली। समुद्र के किनारे पर रहने वालों से कहा गया है कि वो फिलहाल घर न लौटें, क्योंकि ऊंची लहरों का खतरा लौट भी सकता है। सरकार जल्द ही नई एडवाइजरी जारी करेगी।

वाजिमा शहर में एक बिल्डिंग ढह गई। इसके मलबे मे 6 लोग दबे हैं। यहां 35 हजार घरों में बिजली नहीं है। नॉर्थ कोरिया और रूस ने भी सुनामी का अलर्ट जारी किया था।

# मनरेगा के 7.6 करोड़ मजदूर सिस्टम से हटाए गए

## कांग्रेस का केंद्र पर आरोप- नए पेमेंट सिस्टम के जरिए 10.7 करोड़ अयोग्य किए गए



**नई दिल्ली.** कांग्रेस ने सोमवार को कहा कि मोदी सरकार को तकनीक को हथियार की तरह इस्तेमाल करना बंद कर देना चाहिए। खासतौर पर आधार को, जिसे मनरेगा के तहत पेमेंट करने के लिए इस्तेमाल किया जा रहा है, ताकि सबसे जरूरतमंद भारतीयों तक समाज कल्याण योजनाओं के फायदे न पहुंच सकें। कांग्रेस के जनरल सेक्रेटरी इन-चार्ज कम्युनिकेशन जयराम रमेश ने दावा किया कि मनरेगा की पेमेंट्स को आधार-बेस्ड पेमेंट सिस्टम (ABPS) से जोड़कर सरकार ने अप्रैल 2022 से अब तक 7.6 करोड़ रजिस्टर्ड मजदूरों को सिस्टम से डिलीट कर दिया गया है। 1.9 करोड़ रजिस्टर्ड मजदूरों को मौजूदा वित्त वर्ष के नौ महीनों के अंदर सिस्टम से डिलीट कर दिया गया। जयराम ने कहा कि सबसे गरीब और हाशिए पर रहने वाले करोड़ों भारतीयों को पीएम मोदी ने नए साल का क्रूर तोहफा दिया है। उन्होंने इन लोगों को सामान्य आय पाने से रोकने की तरकीब निकाली है। मनरेगा के लिए पीएम मोदी का तिरस्कार अब घातक एक्सपेरिमेंट्स में बदल गया है।

### देश के 10.7 करोड़ मजदूर इस योजना का लाभ पाने के योग्य नहीं

जयराम रमेश ने कहा कि इस देश में 25.69 करोड़ मनरेगा मजदूर हैं, जिसमें से 14.33 करोड़ एक्टिव वर्कर्स हैं। 27 दिसंबर तक कुल मजदूरों में से 34.8% (8.9 करोड़) और एक्टिव मजदूरों में से 12.7% (1.8 करोड़) ABPS के लिए योग्य नहीं हैं। ये कुल मिलाकर 10.7 करोड़ मजदूर हुए। जयराम रमेश ने कहा कि मनरेगा की पेमेंट्स को आधार-बेस्ड पेमेंट सिस्टम (ABPS) से लेने को अनिवार्य बनाने के लिए ग्रामीण विकास मंत्रालय ने पांचवीं बार समयसीमा बढ़ाई थी, जिसकी डेडलाइन 31 दिसंबर 2023 को खत्म हो गई। मजदूरों, कामगारों और रिसर्चर्स ने कई बार मनरेगा में पेमेंट के लिए ABPS के इस्तेमाल से जुड़ी चुनौतियां बताई हैं.

# किम जोंग की हत्या की साजिश कर रहा साउथ कोरिया

साउथ कोरिया की सेना नॉर्थ कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन की हत्या की तैयारी कर रही है। न्यूयॉर्क पोस्ट के मुताबिक साउथ कोरिया ने स्वीकार किया कि उसकी सेना उत्तर कोरिया के किम जोंग उन की संभावित हत्या के लिए सक्रिय रूप से 'हत्या अभ्यास' (डिकैपिटेशन ड्रिल) कर रही है।

साउथ कोरिया के डिफेंस मिनिस्टर ने कहा- नॉर्थ कोरिया का सामना करने के लिए तानाशाह की हत्या एक ऑप्शन है। इसके लिए हमारी सेना ड्रिल कर रही है। इसके अलावा परमाणु हथियारों की तैनाती को भी ऑप्शन में रखा गया है। इसकी तैयारी भी की जा रही है। 'हत्या अभ्यास' में अमेरिकी सेना भी हमारा साथ दे रही है।

# 2045 तक वायु सेना के बेड़े में रहेगा सुखोई-30

- अपडेट हो रहा सबसे ताकतवर फाइटर जेट
- विरुपाक्ष रडार से लैस होगा, ज्यादा हथियार ले जा सकेगा



**नई दिल्ली.** इंडियन एयरफोर्स सुखोई -30 एमकेआई फाइटर जेट को अगले 20 साल तक बेड़े में शामिल रखने की तैयारी कर रही है। इसके लिए जेट में कई टेस्ट और बदलाव किए जा रहे हैं। वायु सेना के अधिकारियों ने कहा कि सुखोई को अपग्रेड करने के लिए HAL (हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड) की मदद ली जा रही है।

यह रूसी फाइटर जेट सितंबर 2002 से वायु सेना में शामिल है। रूस के फाइटर जेट्स की एयरफ्रेम और दूसरे कंपोनेंट्स काफी मजबूत होते हैं। इसको लेटेस्ट एवियोनिक्स, हथियार और देश में तैयार हुए विरुपाक्ष रडार से लैस किया जा रहा है।

सरकारी सूत्रों ने कहा कि भारतीय वायुसेना सक्रिय रूप से अपने उपकरण सूची को स्वदेशी बनाने के मिशन पर काम कर रही है। जल्द ही भारतीय कंपनियों से 3 लाख करोड़ रुपए से अधिक मूल्य के उपकरण खरीदने की तैयारी में है।

### खरीदे जाएंगे 12 सुखोई फाइटर जेट

सितंबर 2023 में भारत सरकार ने 45,000 करोड़ रुपए के नौ रक्षा खरीद प्रस्तावों को मंजूरी दी थी। इसके तहत 12 सुखोई लड़ाकू प्लेन (**Su**-30 **MKI**) और हवा से सतह पर मार करने वाली मिसाइलें ध्रुवास्त्र खरीदी जाएंगी। साथ ही डोर्नियर विमान का अपग्रेडेशन किया जाएगा।

वहीं, नवंबर 2023 में बाड़मेर के उतरलाई एयरबेस पर तैनात मिग-21 की एक स्क्वाड्रन को सुखाई-30 **MKI** की स्क्वाड्रन से रिप्लेस किया गया था। इस एयरबेस पर सुखाई-30 **MKI** की दो स्क्वाड्रन तैनात हैं। बाड़मेर जिले में पिछले 9 साल में 8 मिग क्रैश हो चुके थे। इसके बाद मिग-21 को एयरबेस से हटाने की चर्चा शुरू हुई थी। हालांकि देश में उतरलाई के अलावा बाकी जगहों पर मिग-21 की तैनात है।

### जगन्नाथ मंदिर में आज से ड्रेस कोड लागू

**भुवनेश्वर.** ओडिशा के पुरी स्थित जगन्नाथ मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए नए साल से ड्रेस कोड अनिवार्य कर दिया गया है। मंदिर प्रशासन के मुताबिक, नए साल 2024 के पहले दिन से मंदिर परिसर में पान-गुटखा खाने और प्लास्टिक प्रोडक्ट्स यूज करने पर बैन लगा दिया गया है। श्री जगन्नाथ मंदिर प्रशासन (SJTA) के अधिकारी ने कहा हाफ पैंट, शॉर्ट्स, फटी जींस, स्कर्ट और स्लीवलेस ड्रेस पहनने वाले भक्तों को मंदिर में एंट्री नहीं दी जाएगी। मंदिर प्रशासन ने 9 अक्टूबर को ही ड्रेस कोड संबंधी आदेश जारी कर दिया था जिसमें इसे लागू करने की तारीख 1 जनवरी बताई गई थी।


## उल्हासनगर महानगरपालिका
## नगररचना विभाग
## !! जाहीर आवाहन !!

महाराष्ट्र राज्यात महाराष्ट्र मुद्रांक शुल्क अभय योजना 2023 दिनांक 01 डिसेंबर, 2023 ते दिनांक 31 जानेवारी, 2024 आणि दिनांक 01 फेब्रुवारी, 2024 ते 31 मार्च, 2024 अशा दोन टप्यात राबविण्यात यावी असे शासनाने निर्देश दिलेले आहेत.

अभय योजना ही सर्वसामान्य लाभार्थ्यांना कळावी व समजावी यासाठी बुधवार दिनांक 03 जानेवारी, 2024 रोजी दुपारी 3:00 वाजता मा. सहासभा सभागृह, पहिला मजला, उल्हासनगर महानगरपालिका, उल्हासनगर-3 येथे कार्यशाळेचे आयोजन उल्हासनगर महानगरपालिका तर्फे करण्यात आले आहे. या कार्यशाळेला मार्गदर्शन करण्यासाठी व लाभार्थ्यांच्या शंकाचे निरसन करण्यासाठी मा. सह जिल्हा निबंधक तथा मुद्रांक जिल्हाधिकारी श्री. ओमप्रकाश जांभळे उपस्थित राहणार आहेत.

तरी, सर्व नागरीकांना/ लाभार्थ्यांना विनंती करण्यात येते की, बुधवार दिनांक 03 जानेवारी, 2024 रोजी दुपारी 3:00 वाजता मा. महासभा सभागृह, उल्हासनगर महानगरपालिका येथे उपस्थित राहून आपल्या शंकाचे निरसन करावे व अभय योजनेचा लाभ मोठया प्रमाणात मिळवून स्वतःचा लाभ करुन घ्यावा असे मा. आयुक्त, उल्हासनगर महानगरपालिका यांच्यातर्फे आवाहन करण्यात येत आहे.

सही/-
**ल.मु. खोब्रागडे**
सहा. संचालक, नगररचना
उल्हासनगर महानगरपालिका

**जा.क्र. उमपा/नरवि/सा/433/2024, दिनांक: 01/01/2024**
**जा.क्र. उमपा / पिआरओ/104/2024 दि. 01/01/2024**

## संक्षेप...

### रक्तदान शिविर का आयोजन

**कल्याण.** कल्याण में गुजरते साल को विदाई और नए साल का स्वागत भव्य रक्तदान शिविर से किया गया। धर्मवीर आनंद दिघे ने 28 बरस पहले यह परंपरा शुरू की थी। उसी परंपरा के अनुसार थर्टीफार्स्ट की रात रक्तदान एवं रक्तकर्ण पुरस्कार वितरण कर नववर्ष का स्वागत किया जाता है। इसी कड़ी में 31 दिसंबर की रात रक्तानंद ग्रुप महाराष्ट्र तथा शिवसेना उद्धव गुट द्वारा कल्याण पूर्व में आयोजित की गई शिविर में 227 लोगों ने रक्तदान कर धर्मवीर आनंद दिघे की परंपरा को आगे बढ़ाने का प्रयास किया। इस मौके पर शिवसेना (यूबीटी) के नेता केदार दिघे, रक्तानंद ग्रुप के पूर्व अध्यक्ष बाल हरदास, शिवसेना उद्धव गुट के जिला प्रमुख चंद्रकांत बोडारे, धनंजय बोडारे, उपजिला प्रमुख हर्षवर्धन पलांडे, कल्याण पूर्व शहर प्रमुख शरद पाटील, राधिका गुप्ते सहित उद्धव गुट के पदाधिकारी बड़ी संख्या में मौजूद थे। शिविर में प्रत्येक रक्तदाता को ट्रॉफी एवं प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया।

# भिवंडी कांग्रेस में भूचाल के आसार

### नव वर्ष में कांग्रेस पूर्व नगरसेवकों में भारी फूट की आशंका

वर्षा सिंह

**भिवंडी.** आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर इंडिया गठबंधन को मजबूत किए जाने के प्रयास किए जाने के लिए महाविकास आघाडी के सभी घटक एकजुट हो रहे हैं बावजूद भिवंडी में कांग्रेस के ही पूर्व पार्षदों का मोह कांग्रेस से भंग हो चुका है.नव वर्ष में जल्द ही भिवंडी कांग्रेस में भारी टूट की आशंका को नकारा नहीं जा सकता है.कांग्रेस के पूर्व पार्षदों के पाला बदलने का कारण भिवंडी कांग्रेस जिला नेतृत्व की कार्यप्रणाली से नाराजगी बताई जा रही है.कांग्रेस पार्टी के 27 में से करीब 25 पूर्व पार्षद जल्द ही कांग्रेस को टाटा-बाय-बाय कहकर भिवंडी विकास मंच का दामन थामने की तैयारी में है.

गौरतलब हो कि, भिवंडी मनपा में कुल पार्षदों की संख्या 90 है. 2018 में हुए भिवंडी निजामपुर शहर महानगरपालिका चुनाव में भिवंडी मनपा में सर्वाधिक कांग्रेस से 47 नगरसेवक चुनकर आए थे.मनपा में 47 नगरसेवकों का सर्वाधिक रिकार्ड आंकड़ा होने के बावजूद कांग्रेस अपना महापौर मनपा में बैठाने में असफल साबित हुई थी. महापौर चुनाव में कांग्रेस पार्टी के 18 नगरसेवकों ने कांग्रेस को टाटा बाय-बाय कहकर कोणार्क विकास आघाड़ी प्रत्याशी को मतदान कर कांग्रेस प्रत्याशी को पराजित किया था.आश्चर्यजनक है कि, राज्य सरकार में कांग्रेस महा विकास आघाड़ी की सत्ता होने के बावजूद कांग्रेस पार्टी से बागी हुए 18 नगरसेवकों को तत्कालीन उद्धव ठाकरे सरकार ने निलंबित नहीं कर कांग्रेस की ताकत को कमजोर करने का काम किया था. कांग्रेस के 18 बागी नगरसेवकों का समय से निलंबन नहीं होने से निष्ठावान, ईमानदार कांग्रेसियों का मोह कांग्रेस से भंग हो गया है. करीब 1 वर्ष पूर्व 18 बागी कांग्रेसी नगरसेवकों का निलंबन 6 वर्षों के लिए मुख्यमंत्री शिंदे ने किया.पार्टी से निलंबित कांग्रेस पार्टी के सभी बागी नगररसेवक अब राकांपा का दामन थाम चुके हैं. महाविकास आघाडी सरकार एकजुट होने के बावजूद कांग्रेस के बागी नगरसेवकों का राकांपा प्रवेश कांग्रेसियों के गले की फांस बन चुका है. प्रदेश कांग्रेस शीर्ष नेतृत्व की ढुलमुल एवं समय से फैसला नहीं लेने की नीतियों से परेशान होकर निष्ठावान, ईमानदार कांग्रेसी अब कांग्रेस का साथ छोड़ने लगे हैं. सूत्रों की माने तो, भिवंडी कांग्रेस पार्टी फिर 18 बागी नगरसेवकों को पार्टी प्रवेश देने की तैयारी में है जिससे कांग्रेसियों में भारी नाराजगी फैल रही है.

### भिवंडी विकास मंच के अस्तित्व में आने की कवायद शुरू

20 वर्षों पूर्व भिवंडी विकास मंच का निर्माण कर तत्कालीन तेज तर्रार नेता जावेद दलवी ने विकास मंच से चुनाव में टिकट देकर करीब दर्जन भर से अधिक सदस्यों को जीत दिलाई थी.मनपा चुनाव में जीत के उपरांत भिवंडी विकास मंच संस्थापक जावेद दलवी ने भिवंडी विकास मंच द्वारा कांग्रेस को समर्थन देकर कांग्रेस को बड़ी ताकत प्रदान की थी. कांग्रेस पार्टी में जावेद दलवी के आने से भिवंडी में कांग्रेस की ताकत में भारी ईजाफा हुआ था. कांग्रेस नेता जावेद दलवी को 3 बार भिवंडी मनपा महापौर बनने का गौरव हासिल है.

### नव वर्ष में होने वाले कांग्रेस के राजनैतिक उठापटक घटनाक्रम पर टिकी निगाहें

राजनीतिक रणनीतिकारों का कहना है कि, पूर्व महापौर जावेद दलवी की मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे से वर्षों से काफी निकटता है. आगामी दिनों में कांग्रेस नेतृत्व से नाराज करीब 25 नगरसेवक कांग्रेस को टाटा बाय-बाय कहकर फिर से भिवंडी विकास मंच की सदस्यता ग्रहण कर सकते हैं. भिवंडी विकास मंच के बैनर तले चुनाव लड़कर चुनाव में जीत हासिल कर पूर्व महापौर जावेद दलवी के साथ सभी नगरसेवक सीएम एकनाथ शिंदे के साथ जुड़कर मनपा की सत्ता आसानी से हासिल कर सकते हैं.कई कांग्रेसियों का मानना है कि,अगर ऐसा होता है तो भिवंडी में कांग्रेस का आगामी चुनाव में सफाया होने से कोई रोक नहीं सकता है. शहरवासियों की निगाहें नव वर्ष में होने वाले कांग्रेस के राजनैतिक उठापटक घटनाक्रम पर टिकी हुई हैं.

# नए साल से पहले हादसों से दहला महाराष्ट्र

### 5 की मौत, 23 जख्मी, कई परिवार उजड़े

**मुंबई.** महाराष्ट्र के अहमदनगर-दौड हाईवे पर ट्रक और जाइलो कार की भीषण टक्कर हो गई। इस हादसे में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि 8 लोग गंभीर रूप से घायल हैं। यह भयानक हादसा उस वक्त हुआ जब तेज रफ्तार जाइलो कार और ट्रक आमने-सामने आ गए।

हादसे में शेख परिवार तबाह हो गया। इस भीषण हादसे में शेख परिवार के 13 साल के दो बच्चों समेत 30 साल के एक अन्य व्यक्ति की जान चली गई। मृतकों की पहचान शाबाज़ शेख, गाजी बांगी और लुजैन शेख के तौर पर हुई हैं।

#### ठाणे में बड़ा हादसा

ठाणे में आज सुबह नासिक-मुंबई हाईवे पर एक एसयूवी की ट्रक से भिड़ंत हो गई। हादसे में पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा सुबह करीब साढ़े सात बजे पांच पखड़ी इलाके में हुआ। एसयूवी पालघर जिले के वसई से ठाणे स्टेशन की ओर रेलवे के केबल लेकर जा रही थी। इस बीच एसयूवी का टायर पंक्चर हो गया। जिस वजह से एसयूवी अनियंत्रित होकर ईंट लेकर भिवंडी इलाके से मुंबई के मानखुर्द जा रही ट्रक से टकरा गई। घायलों को ठाणे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दो घायलों की हालत गंभीर है, उन्हें मुंबई के अस्पतालों में भर्ती कराया गया है।

#### पालघर में एसटी बस का एक्सीडेंट, 2 बच्चों की मौत

मनोर-विक्रमगढ़ मार्ग पर बोरांडा में एक एसटी बस हादसे की शिकार बन गई। दुर्घटना में दो बच्चों की मौत हो गई और करीब 10 लोग घायल हो गए। पालघर से शिरडी जा रही एसटी बस को ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में दो बच्चों की मौके पर ही मौत हो गई और 10 से 15 यात्री घायल हो गए।

# इंटर कॉलेज पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में एसएसटी छात्रों की स्वर्णिम उपलब्धि

**उल्हासनगर.** मुंबई विश्वविद्यालय, ठाणे खेल समिति और जीवनदीप कॉलेज गोवेली द्वारा आयोजित अंतर महाविद्यालय पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में एसएसटी कॉलेज के एथलीटों ने अच्छा प्रदर्शन करते हुए एक स्वर्ण और एक कांस्य पदक जीता।




विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित इन प्रतियोगिताओं में ठाणे जिले के विभिन्न महाविद्यालयों ने अपनी भागीदारी दर्ज करायी। इसमें बालिका वर्ग में एसएसटी कॉलेज की प्रांजलि पगारे ने स्वर्ण पदक और भूमिका कोलसे ने कांस्य पदक हासिल किया। इन विजेता खिलाड़ियों का चयन संभागीय प्रतियोगिताओं के लिए किया गया। कॉलेज ने विद्यार्थियों को उनकी सफलता पर बधाई दी। खिलाड़ियों ने अपनी सफलता का श्रेय कॉलेज और खेल शिक्षकों को दिया

### मोबाइल फोन छीन कर ले गया चोर

**भिवंडी.** पुलिस की लाख कोशिशें के बावजूद शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र में चुनौती की घटनाओं पर विराम नहीं लग रहा है. राहगीरों से छीनौती की अनवरत घटती घटनाओं से लोगों में सुरक्षा को लेकर भय व्याप्त है.

नारपोली पुलिस स्टेशन अंतर्गत माय बाप चाल बेल्हे गांव पिंप्लास निवासी अजय राजेश डंडलवार के हाथ से करीब 30 हजार रुपए का मोबाइल जबरन छीन कर चोर चंपत हो गया है. नारपोली पुलिस एफआईआर के बाद जांच कर रही है.

# नवी मुंबई से सेक्सटॉर्शन का आरोपी अरेस्ट

**नवी मुंबई.** 18 मई से 10 अगस्त 2023 के बीच व्हाट्सएप्प के माध्यम से पीड़ित व्यक्ति से संपर्क करके आरोपी ने पीड़ित व्यक्ति को नग्न वीडियो कॉल किया और कॉल रिकॉर्ड करने के बाद उसे उक्त वीडियो को यूट्यूब पर अपलोड न करने तथा वीडियो को डिलीट करने के लिए ब्लैकमेल कर के 43 लाख 22 हजार 900 रुपए ऐंठ लिए थे. नवी मुंबई पुलिस के साइबर सेल ने आरोपी को गिरफ्तार करने में अब सफलता पाई.

पुलिस ने इस आरोपी के बैंक खाते में रखे 4 लाख 12 हजार 175 रुपए को सीज कराया है. आरोपियों के पास से पुलिस ने कई मोबाइल, विभिन्न कंपनियों के सिम कार्ड, विभिन्न बैंकों के एटीएम कार्ड भी बरामद किए हैं.

नवी मुंबई के पुलिस आयुक्त मिलिंद भारंबे, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त दीपक सकोरे, अपराध शाखा के पुलिस उपायुक्त अमित काले आदि के मार्गदर्शन में साइबर सेल के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक गजानन कदम की टीम ने उक्त मामले का पर्दाफाश करने में सफलता पाई. उक्त मामले में नवी मुंबई पुलिस की टीम ने राजस्थान के कामा पुलिस स्टेशन की मदद से आरोपी हलीम फरीद खान को राजस्थान और उत्तर प्रदेश से लगे पालदी गांव से हिरासत में लेकर पूछताछ की तब आरोपी ने अपना अपराध कबूल किया, जिसके बाद उसे गिरफ्तार किया गया. पुलिस ने बताया कि जांच में पता चला है कि जिस गांव में आरोपी रहता है, उस गांव के साथ ही आसपास के कुछ अन्य आरोपी भी उक्त अपराध में शामिल हैं. जिनकी तलाश जारी है.

#### विभिन्न राज्यों में 13 शिकायतें हैं दर्ज

पुलिस ने बताया कि उक्त आरोपी के खिलाफ महाराष्ट्र समेत भारत के विभिन्न राज्यों में कुल 13 शिकायतें दर्ज हैं. पुलिस का कहना है कि आरोपी का पता लगाने के लिए तकनीकी विश्लेषण का काम नवी मुंबई पुलिस के साइबर सेल पुलिस स्टेशन की पहली महिला पुलिस अधिकारी पूनम गडगे ने किया. उक्त अपराध की जांच साइबर सेल पुलिस स्टेशन के प्रभारी गजानन कदम कर रहे हैं.

# मनपा आयुक्त अजय वैद्य ने अधिकारियों के साथ लगाई झाड़ू

### शहर स्वच्छता मुहिम में जुटा मनपा प्रशासन

उल्हास विकास संवाददाता

**भिवंडी.** भिवंडी मनपा प्रशासक, आयुक्त अजय वैद्य ने ठाणे में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की स्वच्छता मुहिम से प्रेरणा लेते हुए नव वर्ष के दिन मनपा अधिकारियों के साथ झाड़ू लगाकर शहर स्वच्छता में नागरिकों से सहयोग की अपील की.आयुक्त वैद्य ने सभी शीर्ष अधिकारियों की टीम के साथ नागांव-गायत्री नगर प्रमुख मार्ग पर झाड़ू लगाकर शहर स्वच्छता कार्यों को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए हैं.

गौरतलब हो कि,भिवंडी मनपा प्रशासन शहर स्वच्छता को लेकर पूरी मुस्तैदी बरत रहा है.मनपा प्रशासक अजय वैद्य के



निर्देशानुसार अतिरिक्त आयुक्त संजय हेरवाडे स्वच्छता अधिकारियों की टीम के साथ शहर स्वच्छता पर विशेष ध्यान दे रहे हैं. शहर के तमाम प्रमुख,संपर्क मार्ग सहित शहर स्थित तमाम ओवरब्रिज की साफ सफाई एवं पानी से धुलाई कर स्वच्छता की जा रही है. मनपा प्रशासक अजय वैद्य ने मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे द्वारा ठाणे में की गई स्वच्छता मुहिम से प्रेरणा लेते हुए नव वर्ष में मनपा अतिरिक्त आयुक्त विट्ठल डाके, अतिरिक्त आयुक्त संजय हेरवाडे, आरोग्य उपायुक्त दीपक झिंझाड़, जलापूर्ति अभियंता संदीप पटनावर तथा क्षेत्रीय प्रभाग अधिकारी, स्वच्छता अधिकारी की टीम के साथ एसटी स्टैंड के सामने नागांव रोड पर सागर प्लाजा होटल के आगे तक हाथों में झाड़ू लेकर स्वच्छता मुहिम चलाई. आरोग्य विभाग की टीम द्वारा सफाई के बाद कचरे, मिट्टी, प्लास्टिक आदि को डंपर गाड़ी से उठा कर डंपिंग ग्राउंड भेजा गया. मनपा सफाई कर्मियों की टीम ने ओवरब्रिज के पोल की पानी से धुलाई कर धूलमुक्त किया.

मनपा प्रशासक, आयुक्त अजय वैद्य ने शहर स्वच्छता को विशेष प्राथमिकता देते हुए अधिकारियों को निर्देश दिया है कि, शहर स्वच्छता कार्यों पर लापरवाही कदापि नहीं होनी चाहिए. प्रदेश मुखिया मुख्यमंत्री स्वच्छता कार्यों पर विशेष ध्यान दे रहे हैं. मुख्यमंत्री खुद ठाणे में स्वच्छता मुहिम चलाकर झाड़ू लेकर सफाई कर रहे हैं. मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार भिवंडी शहर को साफ सुथरा रखने की मुहिम प्रतिदिन चलाई जाएगी. शहर को स्वच्छ सुथरा रखने में कोई कोताही नहीं होगी. शहर स्वच्छता में लापरवाही करने वाले अधिकारी, कर्मचारी पर अनुशासनात्मक कार्रवाई होगी.

### स्वच्छता में शहरवासियों का सहयोग जरूरी

मनपा प्रशासक, आयुक्त अजय वैद्य ने शहरवासियों से आह्वान किया है कि, शहर स्वच्छता में नागरिकों का सहयोग बेहद जरूरी है.शहर को स्वच्छ, सुंदर रखने के लिए नागरिकों को कचरा निश्चित जगह एवं घंटा गाड़ी में ही डालना चाहिए. रहिवासी सोसाइटी में रहने वाले लोगों को इधर-उधर कचरा नहीं फेंकना चाहिए.नागरिकों को मार्ग के किनारे कचरा नहीं डालकर घंटा गाड़ी में ही कचरा डालना चाहिए. शहरवासियों के सहयोग से ही भिवंडी शहर को स्वच्छ, सुंदर किए जाने में कामयाबी हासिल होगी.

### KDMC शिक्षा विभाग की विज्ञान प्रदर्शनी

**कल्याण.** मनपा शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित 51वीं राज्य स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का समापन हो गया. विज्ञान प्रदर्शनी में कल्याण डोंबिवली मनपा क्षेत्र के 21 समूह संसाधन केंद्रों में से चयनित 63 स्कूलों के बाल वैज्ञानिकों ने अपनी सर्वोच्च प्रतिकृतियां प्रस्तुत कीं. मंच पर प्रशासन अधिकारी रंजना राव, शिक्षा अधिकारी विजय सरकटे, विस्तार अधिकारी लक्ष्मण जाधव, परीक्षा दल सदस्य मंगेश मुंडेकर, लक्ष्मण शिंदे, नम्रता राजाई के साथ ही प्राचार्य रामधारी यादव आदि उपस्थित थे. शिक्षा अधिकारी विजय सरकटे ने प्री-स्कूल स्तर की विज्ञान प्रदर्शनी के बारे में विस्तार से बताया और कहा कि यह वास्तव में गर्व की बात है कि बाल वैज्ञानिक हमेशा सतर्क रहते हैं और अपने अवलोकन कौशल की मदद से नए और पर्यावरण के पूरक बनाने की कोशिश कर रहे हैं.

ठंड का मजा ले होटल पार्क व्यू माथेरान में

माथेरान के बीचो-बीच मार्केट में ठंड के इस मौसम में अपने परिजनों के साथ छुट्टियां मनाएं. स्वच्छ व किफायती रूम के साथ स्वादिष्ट भोजन का भी आनंद उठाएं



Vijay Bhai 8087711332 8412006352

बुकिंग के लिए संपर्क करें

A PARK VIEW HOTEL
MATHERAN

A PARK VIEW HOTEL, Opp. Nauroji Lord Park, M.G. Road, Near Matheran Railway Station,Tal. Karjat, Dist. Raigad 410 102

# शादी के बंधन में बंधेंगी रकुलप्रीत सिंह



- 22 फरवरी को गोवा में जैकी भगनानी संग लेंगी सात फेरे
- फैमिली मेंबर्स समेत सिर्फ क्लोज फ्रेंड शामिल होंगे

बॉलीवुड एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह और प्रोड्यूसर जैकी भगनानी शादी के बंधन में बधने वाले हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, दोनों इसी साल 22 फरवरी को गोवा में शादी करेंगे। इस शादी में सिर्फ फैमिली मेंबर्स और क्लोज फ्रेंड शामिल होंगे। हालांकि, रकुल या उनके परिवार की तरफ से कोई ऑफिशियल जानकारी सामने नहीं आई है। शादी के फंक्शन से जुड़ी दूसरी जानकारियां भी अभी सामने नहीं आई हैं।

#### बैंकॉक में जैकी बैचलर पार्टी मना रहे हैं

करीबी सूत्र का कहना है - वो दोनों पर्सनल लाइफ से जुड़ी हर चीज प्राइवेट रखना चाहते हैं, इसलिए उन्होंने शादी सेरेमनी भी प्राइवेट रखी है। फिलहाल, वो लोग शादी की तैयारियों में बिजी होने से पहले छुट्टियां एन्जॉय कर रहे हैं।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, जैकी अभी बैंकॉक में हैं और अपनी बैचलर पार्टी एंजॉय कर रहे हैं। वहीं, रकुल थाईलैंड में छुट्टियां मना रही हैं।

#### 2022 में रकुल ने रिश्ते पर लगाई थी मुहर

रकुल और जैकी करीब 2 साल से एक दूसरे को डेट कर रहे हैं। दोनों अक्सर एक दूसरे के साथ वेकेशन पर जाते रहते हैं। रकुल ने 2022 में अपने बर्थडे पर जैकी के साथ एक रोमांटिक फोटो पोस्ट कर अपने रिलेशनशिप को कंफर्म किया था। उन्होंने जैकी को उस साल का 'सबसे बड़ा गिफ्ट' बताया था।

### न्यूज क्लिक की फंडिंग के बारे गौतम नवलखा से नवी मुंबई में पूछताछ

**नवी मुंबई।** न्यूज़क्लिक नामक डिजीटल वेबसाइट को चीन से की गयी फंडिग के मामले में भीमा कोरेगांव में हुई हिसा प्रकरण का मुख्य आरोपी गौतम नवलखा से पूछताछ करने के लिए दिल्ली पुलिस की एक स्पेशल टीम नवी मुंबई में उस घर में आयी, जहां गौतम नवलखा को नजरबंद कर रखा गया है। पता हो कि गौतम नवलखा को सीबीडी बेलापुर के एक घर में मुंबई उच्च न्यायालय के आदेश पर नजरबंद कर रखा गया है। दिल्ली से आयी इस स्पेशल टीम ने गौतम नवलखा से लम्बी पूछताछ की। न्यूज क्लिक को चीन से की गयी फंडिंग के बारे में की गयी जांच में गौतम नवलखा का नाम आया था , और दिल्ली पुलिस इसी सिलसिले में नवलखा से पूछताछ करने के लिए नवी मुंबई आयी थी।

#### नवलखा भीमा कोरेगांव की हिंसा का है आरोपी

गौतम नवलखा को पुणे की एल्गार परिषद मामले में भीमा कोरेगांव में हुई हिंसा के आरोपी है और उस मामले की जांच की जा रही है। 2018 एल्गार परिषद के मामले में मुंबई उच्च न्यायालय ने गौतम नवलखा को इसी 20 दिसंबर को जमानत दे चुकी है। हालांकि अदालत ने अपने फैसले पर तीन हफ्ते के लिए रोक लगा दी है ताकि एनआईए सुप्रीम कोर्ट का रुख कर सके। गौतम नवलखा को अगस्त 2018 में गिरफ्तार किया गया था और उसे तलोजा की जेल में रखा गया था।

نوجیون کو آپریٹو بینک لمیٹیڈ

NAV JEEVAN CO-OP. BANK LTD.

THE NAVJEEVAN CO.OP. BANK LTD. ESTD : 1985

*Head Office:*
*Bhawani Saw Mills Compound,*
*Ulhasnagar-3.*
☎: 0251-2572101:2568541/Fax 2567523
Visit us at: www.navjeevanbank.com

SERVICES AVAILABLE

Features and Services of Bank
- Different types of Deposits Schemes with Attractive Deposits Rates.
- All types of Loans & Advances facilities with Competitive Rate.
- 24x7 NEFT/RTGS Services.
- Safe and Secure Mobile Banking Service with NEFT and RTGS Services.
- Franking Service in Ulhasnagar and Thane.
- Insurance Service through corporate Partners

Upcoming Service

Blocking & Unblocking ATM cards through SMS.

उल्हास वि NEWS
www.ulhasvikas.com
ULHAS VIKAS ANDROID APP ON Google play Install now
/ulhasvikas /ulhasvikas
/ulhasvikas /ulhasvikas

Subscribe to our ULHAS VIKAS YouTube Channel
उल्हास वि NEWS

संस्थापक संपादक- स्व. श्री अशोक उकाराम बोधा




यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099